



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 176 | ग्वालियर रविवार, 16 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### कर्नाटक में बीजेपी को एक और झटका, नेता ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में बीजेपी को एक और झटका लगा है. बीजेपी नेता बी.एम. मल्लिकार्जुन ने शनिवार (15 अप्रैल) को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. बी.एम. मल्लिकार्जुन को कर्नाटक में फाइटर रवि के नाम से भी जाना जाता है. वहीं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार अभी तक टिकट ना मिलने नाराज चल रहे हैं. शेट्टार को टिकट देने में देरी का विरोध करते हुए हुबली धारवाड़ नगर निगम के 16 सदस्यों ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील को सामूहिक इस्तीफा सौंपा है. बीजेपी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है. पार्टी ने कई मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए हैं, इसको देखते हुए कई असंतुष्ट विधायक तीसरी सूची का इंतजार कर रहे हैं. इस दौरान टिकट कटने से खफा बीजेपी के कुछ विधायक भी दूसरे दलों में शामिल हो गए हैं. हाल में ही कांग्रेस में शामिल हुए कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी को अठानी निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने के लिए टिकट दिया गया है. बीजेपी ने राज्य की 224 सीटों में से 213 नामों की घोषणा कर चुकी है और 11 नामों की घोषणा होना अभी बाकी है. लक्ष्मण सावदी ने 12 अप्रैल को विधान परिषद सदस्य के रूप में और अपने विधानसभा क्षेत्र अठानी से नए जनादेश के लिए टिकट न मिलने के बाद बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. कर्नाटक में नई सरकार के लिए 10 मई को मतदान होगा. 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव एक ही चरण में होगा. वहीं, 13 मई को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे. कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है.

### प्रयागराज में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में मायावती



**नई दिल्ली।** यूपी निकाय चुनाव को लेकर सभी दल प्रत्याशी घोषित करने और नाम तय करने में जुटे हुए हैं. कई सीटों पर नाम को लेकर मंथन चल रहा है. विधानसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन के बाद बहुजन समाज पार्टी खासतौर पर सतर्क हो गई है. पार्टी किसी भी तरह इसबार अपने खोए हुए जनाधार को हासिल करने की कोशिश में है. इसे लेकर पार्टी प्रमुख मायावती ने कई बड़े फैसले लिए हैं. खासकर दलितों और मुसलमानों को साधने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जा रहा है. इस बीच बीएसपी ने प्रयागराज में मेयर पद के लिए अपने प्रत्याशी का नाम तय कर दिया है. मायावती प्रयागराज में उमेश पाल शूटआउट केस को लेकर बड़ा दांव खेलने की तैयारी में हैं. यहां पाल बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले पार्टी के पुराने नेता को मेयर का टिकट देने की तैयारी है. बसपा में जगन्नाथ पाल का नाम तय हुआ है. जगन्नाथ पाल पार्टी के पुराने नेता हैं और वे पाल बिरादरी में खासा प्रभाव रखते हैं. मायावती की पार्टी ने पहले माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन को मेयर का उम्मीदवार बनाया था. उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद आरोपी बनने के बाद शाइस्ता परवीन का टिकट काट दिया गया था. हालांकि उन्हें अभी पार्टी से बाहर नहीं निकाला गया है. मायावती की पार्टी उमेश पाल की हत्या के बाद पाल बिरादरी को अपने साथ लाने की कोशिश में है. जगन्नाथ पाल का नाम कल यानी रविवार सुबह तक औपचारिक तौर पर घोषित हो सकता है. बसपा दलित, पाल और मुस्लिम समीकरण के सहारे बीजेपी को टक्कर देने की कोशिश में है. जगन्नाथ पाल एक कॉलेज के संचालक हैं. हालांकि पीड़ित और आरोपी दोनों पक्षों के साथ खड़ा होने का मायावती का यह दांव कितना कारगर साबित होगा, यह देखने वाली बात होगी.

### शराब माफिया के 144 करोड़ माफ क्यों?

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शनिवार (15 अप्रैल) की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद प्रदेश बीजेपी ने आम आदमी पार्टी (( क्क) पर हमला बोला है. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी सांसद प्रवेश वर्मा ने सीएम केजरीवाल के सवालों का जवाब दिया है. बीजेपी नेताओं ने सवाल खड़ा किया कि दिल्ली सरकार ने शराब माफिया के 144 करोड़ रुपये माफ क्यों किए थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आज बहुत दिनों के बाद अपने पिंजरे से बाहर निकलकर श्रीमान जी (सीएम केजरीवाल) को फड़फड़ाते देखा है. उनके चेहरे पर बौखलाहट नजर आ रही थी. भाषा का स्तर बिगड़ गया है अरविंद केजरीवाल का. अरविंद केजरीवाल आज अतीक अहमद की भाषा बोल रहे थे. पहले 100 करोड़ लाओ फिर बताऊंगा कि कहां लूट की. मुद्दे की बात नहीं करते. वो शराब पॉलिसी अच्छी थी... हम पूछते हैं कि अगर ये पॉलिसी ठीक थी तो जैसे जांच शुरू हुई तो पॉलिसी वापस क्यों ली। शराब माफिया के 144 करोड़ माफ क्यों किए।



### जिस कोलार में बयान देकर गई राहुल गांधी की सांसदी

## अब वहीं से करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के एलान के बाद राहुल गांधी रविवार (16 अप्रैल) को कोलार से चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे. इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी उनके साथ होंगे. हाल ही में पूर्व सांसद राहुल गांधी को मोदी सरनेम से जुड़े बयान के कारण मानहानि के केस में दो साल की सजा हुई. इसके साथ ही उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई. दरअसल जिस बयान के कारण राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता गई वह बयान उन्होंने चार साल पहले बीते लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान कोलार में ही दिया था. कांग्रेस ने शनिवार (15 अप्रैल) को कोलार सीट पर उम्मीदवार का एलान कर दिया. यहां पार्टी ने पूर्व सीएम सिद्धारमैया को उनके इच्छा के बावजूद उन्हें कोलार से टिकट नहीं दिया. कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस अब तक 209 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है.

**मजदूरों के एक सम्मेलन में भाग लेंगे राहुल-** कर्नाटक में राहुल गांधी अपने दो दिनों के दौरे में चार सभाओं को संबोधित करेंगे. रविवार दोपहर राहुल कोलार में सभा को संबोधित करेंगे और फिर बेंगलुरु के बाहरी इलाके में मजदूरों के एक सम्मेलन में भाग लेंगे. इसके बाद शाम को बेंगलुरु में कर्नाटक कांग्रेस के नए भवन का उद्घाटन करेंगे.

**बीदर जिले में दो सभाओं को संबोधित करेंगे-** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी



सोमवार (17 अप्रैल) को बीदर जिले के भल्की और हुमानाबाद में दो सभाओं को संबोधित करेंगे. इससे पहले उन्होंने पिछले महीने बेलगावी में युवा सम्मेलन में भाग लिया था जिसमें सरकार बनने पर बेरोजगारी भत्ता देने का एलान किया था.

**राज्य में 10 मई को मतदान होगा-** कर्नाटक में नई सरकार के लिए 10 मई को मतदान होगा. 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव एक ही चरण में होगा. वहीं, 13 मई को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे. कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है.

## पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के साथी जोगा सिंह को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के साथी जोगा सिंह को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पंजाब के डीआईजी बॉर्डर रेंज नरिंदर भार्गव ने शनिवार (15 अप्रैल) को कहा कि वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह के मुख्य सहयोगी जोगा सिंह को सरहिंद से गिरफ्तार किया है. ये वह व्यक्ति है जिसने अमृतपाल को 18 मार्च की फरारी के बाद पीलीभीत में पनाह दी और उसका साथ देता रहा. इसे होशियारपुर की कोर्ट में पेश किया जाएगा. इससे पहले अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में पंजाब में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया. अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान होशियारपुर जिले के बाबक गांव निवासी राजदीप सिंह और जालंधर जिले के रहने वाले सरबजीत सिंह के रूप में की गई. राजदीप सिंह और सरबजीत सिंह को शुक्रवार रात मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया.

**पहले पपलप्रीत सिंह को किया था गिरफ्तार-** इसके अलावा बीते सोमवार को पुलिस ने अमृतपाल सिंह के करीबी पपलप्रीत सिंह को पंजाब के होशियारपुर से गिरफ्तार किया था. पुलिस ने कहा कि उसे कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया है. गिरफ्तारी पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के संयुक्त अभियान का हिस्सा थी. पपलप्रीत सिंह को मंगलवार सुबह असम की डिब्रूगढ़ जेल ले जाया गया था.

**अमृतपाल सिंह अभी तक फरार-** पंजाब पुलिस के अधिकारी ने कहा था कि अमृतपाल सिंह के मुख्य सहयोगी पपलप्रीत को अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने काथू नंगल इलाके से गिरफ्तार किया. पपलप्रीत को कई तस्वीरों में अमृतपाल सिंह के साथ देखा गया था, जो राज्य पुलिस के शिकंजे से बचने के बाद सामने आई थी. पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ पिछले महीने कार्रवाई शुरू की थी. खालिस्तान समर्थक अमृतपाल 18 मार्च को जालंधर जिले में पुलिस के जाल से बच निकला था और वह तभी से फरार है.

## सियासी दबदबा बनाने के लिए को ऑपरेटिव सोसाइटी महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** भारत में दूध की औसत खुदरा कीमत पिछले एक साल के मुकाबले 12 प्रतिशत बढ़कर 57.15 रुपये प्रति लीटर हो गई है. बढ़े हुए दूध की कीमतों के पीछे अनाज की कीमतों में इजाफा, कम डेयरी पैदावार, मवेशियों के चारे के लगातार बढ़ते दाम हैं. इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएस सोढ़ी ने एक अंग्रेजी अखबार को बताया कि दूध की बढ़ती कीमतों से इसकी खपत पर सीधा प्रभाव पड़ता है. कीमतों की वजह से मांग-आपूर्ति के बीच भारी अंतर देखा जा रहा है. सोढ़ी के मुताबिक कीमतों में उछाल से कंपनियों को दूध की खरीद में ज्यादा लागत लगानी पड़ रही है. इससे डेयरी कंपनियों की बैलेंस शीट दबाव में आ सकती है. उन्होंने अखबार को बताया कि दूध की कीमतों में उछाल की एक वजह अनाज और चावल की भूसी की कीमतों में बढ़ोत्तरी होना है. बढ़ती कीमतों की वजह से किसान अपने जानवरों को पर्याप्त रूप से नहीं खिला पा रहे हैं.

सोढ़ी के मुताबिक किसानों को जानवरों को खिलाने के लिए ज्यादा पैसे भी खर्च करने पड़ रहे हैं, जिसका सीधा असर दूध की कीमतों में बढ़ोत्तरी है. बता दें कि



सर्दियां खत्म होते ही दूध की कीमतों में 12-15त्न का इजाफा हुआ है. बेमौसम बारिश और हीटवेब ने भी फ़ीड की कीमतों के उछाल में योगदान दिया है. मार्च में अनाज की महंगाई दर 15.27त्न रही. कोरोनोवायरस महामारी ने दस्तक दी और भारत दुनिया के सबसे सख्त लॉकडाउन वाले देश में शुमार हो गया. लॉकडाउन के दौरान कई रेस्तरां और मिठाई की दुकानों के बंद हो जाने से दूध और दूध उत्पादों की मांग में गिरावट आई.

## भगोड़े मेहुल चोकसी को भारत लाना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारत में 13,000 करोड़ के बैंक घोटाले में वॉन्टेड और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को देश वापस लाना मुश्किल हो गया है. कैरेबियाई देश एंटीगुआ और बारबुडा की हाई कोर्ट ने शुक्रवार (14 अप्रैल) को एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेहुल चोकसी को एंटीगुआ और बारबुडा से नहीं हटाया जा सकता है. कोर्ट का ये आदेश भारत सरकार के लिए बड़ा झटका है. इससे पहले मार्च में भी सीबीआई को चोकसी को भारत लाने के प्रयासों को तब झटका लगा था, जब इंटरपोल ने उसके खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) को वापस ले लिया था. जिससे दुनिया भर में उसे स्वतंत्र रूप से आने-जाने की अनुमति मिल गई थी. जानिए इस मामले में अब तक क्या-क्या हुआ है.



मेहुल चोकसी अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ 13,500 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में आरोपी है. देश भर में करीब 4000 स्टोर वाली कंपनी गीतांजलि ग्रुप के मालिक मेहुल चोकसी के खिलाफ फरवरी 2018 में पीएनबी से धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया था. मेहुल चोकसी ने 1996 में गीतांजलि ग्रुप की स्थापना की थी, जो ज्वेलरी के सबसे बड़े व्यापारों में से एक है. चोकसी को दिसंबर 2017 में एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता मिली थी. पीएनबी से धोखाधड़ी का ये मामला जनवरी 2018 में सामने आया. पीएनबी ने हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसके चाचा मेहुल चोकसी व अन्य के खिलाफ शिकायत दी थी. बैंक ने आरोप लगाया था कि इन्होंने 2.81 लाख करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है. मामला सामने आने के बाद जनवरी 2018 में चोकसी देश छोड़कर एंटीगुआ और बारबुडा भाग गया था. सीबीआई ने फरवरी 2018 में इस मामले की जांच शुरू कर दी थी. जिसके बाद बाद पंजाब नेशनल बैंक के दो कर्मियो की गिरफ्तारी हुई थी. नीरव मोदी और चोकसी के चार हफ्ते के लिए पासपोर्ट जब्त कर करते हुए मुंबई की कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती आदेश जारी किया था. 2018 दिसंबर में चोकसी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था. मार्च 2019 में एंटीगुआ और बारबुडा में चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की गई थी. ईडी ने जुलाई, 2019 में चोकसी की करीब 24.77 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी. इसी साल सीबीआई कोर्ट ने चोकसी के खिलाफ गैर जमानती वारेन्ट रद्द करने से मना कर दिया था. वहीं सेबी ने गीतांजलि जेम्स पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था. ये जुर्माना लिस्टिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया था. एंटीगुआ और बारबुडा में 23 मई 2021 को चोकसी की गुमशुदगी की शिकायत हुई थी. इसके दो दिन बाद ही चोकसी को डोमिनिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया. चोकसी ने वकील ने तर्क दिया कि वो अब भारत का नागरिक नहीं है इसलिए उसे भारत में प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता. एंटीगुआ की सरकार ने उसे भारत से सीधे प्रत्यर्पित किए जाने की बात कही थी. इसके बाद 27 मई, 2021 को डोमिनिकन सरकार ने कहा कि चोकसी अगले आदेश तक बाहर नहीं जा सकता.

## बांग्लादेश में पैर पसारते आतंकवादी और विद्रोही संगठन

**नई दिल्ली।** कई साल तक शांत रहने के बाद जमातुल अंसार फिल हिंडाल शरकिया यानी जेएएफएचएस एक बार फिर से बांग्लादेश में एक्टिव हो रहा है. जेएएफएचएस चटगांव हिल क्षेत्र (सीएचटी) पर अपने पैर पसारने की कोशिश में लगा हुआ है. इन पहाड़ी इलाकों पर आतंकवादी समूह का एक्टिव हो जाना भारत के लिए भी एक चुनौती है. हाल ही में चटगांव हिल क्षेत्र के आस-पास के गांव खमतांगपारा में विद्रोही संगठन कुकी-चिन नेशनल आर्मी (केएनए) और यूनाइटेड पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट से अलग हुए एक समूह के बीच हुई झड़प में आठ लोगों की मौत हो गयी. भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों से चटगांव हिल क्षेत्र की बहुत निकटता है. यही वजह है कि चटगांव बंदरगाह एक महत्वपूर्ण रणनीतिक इलाका है. हाल ही में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को चटगांव और सिलहट में देश के बंदरगाहों का इस्तेमाल करने की पेशकश की थी. शेख हसीना ने कहा था कि इससे संपर्क को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में लोगों के बीच संपर्क बढ़ेगा. बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्व से होकर गुजरने वाला सीएचटी लगभग एक दर्जन जातीय अल्पसंख्यक समूहों का घर है. यहां पर ज्यादातर बौद्ध और चेरितियन समुदाय के लोग रहते हैं. इस क्षेत्र में जन संहति समिति (जेएसएस) के नेतृत्व में 20 साल लंबा सशस्त्र अलगाववादी आंदोलन चला. परिणामस्वरूप 1997 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. पुलिस का दावा है कि इलाके में कम से कम



छह आतंकवादी संगठन अब भी एक्टिव है. बांग्लादेश की मीडिया की मानें तो कई सालों बाद दोबारा से चटगांव बंदरगाह पर एक्टिव हुई जमात-उल-अंसार के अल कायदा से संबंध होने का संदेह है. उसके कैडर आतंकी संगठन जेएमबी से आए हैं. रिपोर्टों के मुताबिक हाल ही में इस संगठन से गिरफ्तार हुए सदस्यों में से एक ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसे 2016 से जेल में बंद अल कायदा विचारक जशीमुद्दीन रहमानी का वीडियो दिखाया गया. ये संगठन अपने राजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अलग-अलग रास्तों पर काम कर रहे हैं. अगर वे सब एक मंच पर एक साथ आ जाते हैं तो वे शेख हसीना की सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं. बांग्लादेश में अगले साल चुनाव होने हैं.

### प्रेमी ने गर्लफ्रेंड के लिए रखी ग्रैंड बर्थडे पार्टी, कुछ घंटों बाद ही काटा गला

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में पुलिस ने शनिवार (15 अप्रैल) को एक व्यक्ति को उसकी प्रेमिका की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेमिका के संबंध होने के संदेह में हत्या को अंजाम दिया है. ये घटना लड़की का जन्मदिन मनाने के कुछ घंटों बाद हुई. घटना शुक्रवार (14 अप्रैल) को बेंगलुरु के लग्गेरे इलाके में हुई. पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रशांत ने अपनी प्रेमिका 24 वर्षीय नव्या के साथ पूरे दिन जन्मदिन की पार्टी करने की योजना बनाई थी. पुलिस ने कहा कि नव्या का जन्मदिन मंगलवार को था, लेकिन प्रशांत उस दिन बिजी था और इसलिए उसने इसकी भरपाई के लिए एक भव्य पार्टी की योजना बनाई थी. प्राथमिक जांच के बाद ये पता चला कि प्रशांत को संदेह था कि उसकी प्रेमिका का किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध था और वो उसे लगातार टेक्स्ट कर रही थी, जिससे वह नाराज और दुखी था. पुलिस ने कहा कि नव्या का जन्मदिन मनाने के बाद आरोपी ने उसकी गला रेत कर हत्या कर दी. राजगोपालनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेज दिया है.

### ईद पर सैलरी भी नहीं दे रहा पाकिस्तान

## सैकड़ों बिजली कर्मचारी कर रहे विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में इस वक्त आर्थिक हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. पाकिस्तान की जनता रोजमर्रा की चीजों के लिए भी संघर्ष कर रही है. देश में आए दिन महंगाई आसमान छू रही है. इसी बीच पाकिस्तान के सैकड़ों बिजली कर्मचारियों ने बुधवार (12 अप्रैल) को लेस्को मुख्यालय के सामने एक विरोध रैली की. पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन के दौरान बिजली कर्मचारियों ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर एक महीने के सैलरी को भत्ते के रूप में देने की मांग की. यह रैली ऑल पाकिस्तान वापडा हाइड्रो इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन के तरफ से आयोजित की गई थी. पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में राष्ट्रीय ध्वज और बैनर लेकर प्रधानमंत्री से लाइन स्टाफ



की भर्ती का आदेश देने का भी आग्रह किया. उन्होंने बिजली चोरों के खिलाफ अपने कर्तव्य के प्रदर्शन के दौरान लेस्को कर्मचारियों के लिए सुरक्षा की मांग की.

इस अवसर पर संघ के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र और सभी स्वतंत्रता-प्रेमी राष्ट्रों से संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के अनुसार कश्मीर में जनमत संग्रह कराने के अलावा इजरायली बलों के तरफ से फिलिस्तीनियों के नरसंहार को रोकने का आग्रह किया. पाकिस्तान के सैकड़ों बिजली कर्मचारियों की रैली को हाजी यूनुस, ओसामा तारिक, राणा शकूर, हसन मुनीर, नौशेर खान, हाजी लियाकत, मलिक जाहिद, लियाकत अली गुर्जर, राणा शाहबाज, नवीद आशिक डोगर, अमानुल्लाह खान और राणा शफीक ने संबोधित किया. पाकिस्तान के द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को प्रदर्शन हुए जब श्रमिकों ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने और लाइन कर्मचारियों को दुर्घटनाओं से बचाने का आग्रह किया, जिसने लाइन स्टाफ के 66 से अधिक सदस्यों की जान ले ली थी. पाकिस्तान में बिजली कर्मचारियों ने लाहौर में बार-बार विरोध प्रदर्शन किया है. देश में लगातार महंगाई और गरीबी बढ़ती जा रही है.

# नन्हे मुन्नों के लिए लगेगा हृदय रोग निदान शिविर

## मुम्बई से आएंगे हृदय रोग विशेषज्ञ, होंगी निशुल्क जांच

**रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी शिवपुरी द्वारा हृदय रोग से पीडित जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन 20 अप्रैल को किया जा रहा है। इस शिविर में बच्चों के हृदय रोग उपचार के लिए स्थापित नारायण हृदयाल द्वारा संचालित एसआरसीसी चिल्ड्रन हॉस्पीटल मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ बच्चों का परीक्षण व ईको जांच करेंगे।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी के वाईस चेयरमेन आलोक एम इन्दौरिया एवं सचिव समीर गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चौथी बार बच्चों के लिए हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन 20 अप्रैल को कल्याणी घर्मशाला अस्पताल चौराह पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी द्वारा किया जाएगा। रेडक्रास सोसायटी पूर्व में किए गए शिविरों में चिन्हाकित किए गए हृदय रोगी बच्चों का सफलता पूर्वक उपचार मल्टी स्पेशयल्टी हॉस्पीटल में कराया जा चुका है। इस शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पदस्थ मोबाइल हेल्थटीम द्वारा पूर्व से चिन्हाकित किए गए संभावित हृदय रोगी बच्चों का उपचार होगा। शिविर में जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले हृदय रोग से पीडित बच्चों को वाहन से शिविर स्थल तक लाया जाएगा। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त शिविर स्थल पर भी तत्काल पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था रहेगी। शिविर में सभी प्रकार की जांचे निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी तथा बच्चों की सर्जरी पर आने वाला व्यय भी मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। रेडक्रास सोसायटी के वाईस चेयरमेन आलोक एम इन्दौरिया एवं सचिव समीर गांधी ने बताया कि पीडित मानवता की सेवा के लिए कृत संल्पित रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य के क्षैत्र में निरंतर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें से हृदय रोगी बच्चों को उपचार मुहैया कराना सबसे महत्वपूर्ण है। रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी द्वेय ने जिले के सभी शिशु रोग विशेषज्ञों से शिविर में संभावित हृदय रोगी बच्चों को भेजने और उन्हें इस शुभ अवसर का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें।



# पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष ने ली पिछोर में पार्टी कार्यकर्ता तथा अधिकारियों की बैठक

**राकेश परिहार**

**पिछोर।** विधानसभा क्षेत्र पिछोर खनियाधाना में शुक्रवार मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष एवं पिछोर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी शैलेंद्र बलुआ स्थानीय रेस्ट हाउस पर पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों, किसान मोर्चा आदि समेत सभी सातों मोर्चो के मंडल अध्यक्षों की बैठक कर कार्यों की समीक्षा की इससे पूर्व राजयमंत्री दर्जा प्राप्त शैलेंद्र बलुआ खनियाधाना के ग्राम पंचायत भितरगुआ बूथ क्रमांक 68 पर पहुंचे जहां उन्होंने पोलिंग बूथ के पन्ना प्रभारी,पन्ना प्रमुख, त्रिदेवों तथा पंच परमेश्वर समिति के लोगों से चर्चा की इस मौके पर विधानसभा संयोजक मनीष अग्रवाल एवं जिला मंत्री पहलाद सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष लखन सिंग राणा विधानसभा विस्तारक राहुल राहोरा मंडल अध्यक्ष पिछोर बिहारी गुप्ता सत्यप्रकाश भरदेलिया दिया उदय यादव मुकेश पंसारी आदि उपस्थित रहे।

पिछोर रेस्ट हाउस पर पहुंचे मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बलुआ का जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर तथा जिला समन्वयक परियोजना अधिकारी अशोक त्रिपाठी, पिछोर विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, बीआरसीसी पिछोर सुदर्शन गुप्ता, बीएसी सुरेश शर्मा, रामरतन जाटव आदि ने जोरदार स्वागत किया वही पाठ्य पुस्तक निगम की किताबों और व्यवस्थाओं पर लघु चर्चा की इसके अलावा शिक्षा विभाग के संबंध में अन्य विषयों पर भी अधिकारी और अध्यक्ष के बीच चर्चा की हुई।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न

**पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 21 अप्रैल 2023 को भिण्ड जिले के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, एसडीएम भिण्ड - अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# पिछोर नगर परिषद ने की दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही

## स्वच्छता अभियान के नियमों का नहीं किया गया था पालन

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर (शिवपुरी)।** पिछोर नगर में नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रोड एवं रास्तों पर गंदगी फैलाने तथा दुकानों के सामने डस्टबिन का उपयोग ना करने पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राजेंद्र पालिया द्वारा करीब 36 दुकानों पर अपने दल के साथ जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

सीएमओ राजेंद्र पलिया द्वारा बताया गया की बस स्टेंड, सब्जी मंडी, सहित नगर के मुख्य मार्गों पर कुछ दुकानदारों एवम रहवासियों द्वारा कई बार सूचना देने के बाद भी सड़कों एव दुकानों के सामने गंदगी फैलाते है जिससे स्वच्छता का वातावरण भी दूषित हो रहा है।जिन सभी दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है उनको पूर्व मैं मुनादी एवं अन्य



माध्यमों से प्रसारित सूचना उपरांत भी स्वच्छता के मापदंडों का उल्लंघन तथा निकाय मार्ग अपलोड करने के कारण 36 लोगों पर जुर्माना किया गया है जिन लोगों ने जुर्माना राशि जमा नहीं की गई उन संबंधित दुकानदारों से जुर्माना राशि के मूल्य पर प्रतिदिन 10त्व की बढ़ोतरी के साथ राशि जमा करने हेतु आदेशित किया गया है।

# आज 33/11केव्ही लाइनों के उन्नयन (मेंटिमेंस) कार्य के चलते 16 अप्रैल को पिछोर सहित ग्रामीण इलाकों में दिनांक बार सुबह 09 से शाम 4 बजे तक विधुत प्रदाय होगा बन्द

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**पिछोर /(शिवपुरी)** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक घनश्याम प्रसाद दक्ष द्वारा बताया गया कि संभाग पिछोर अंतर्गत 16 अप्रैल से 26 अप्रैल 2023 तक नगर के 132 उपकेन्द्र (बड़ा पॉवर हाऊस) से निर्गमित 33/11केव्ही लाइनों का उन्नयन (मेंटिमेंस) कार्य किया जाना है,जिससे 16 अप्रैल पिछोर शहर एवं पड़रा,19 अप्रैल 33 केव्ही मायापुर,21 अप्रैल 33 केव्ही खोड़ ,24 अप्रैल 33 केव्ही कररखेड़ा,26 अप्रैल 33 केव्ही नया चोराहा लाईन,सबस्टेशन अंतर्गत फीडरों का क्षेत्र में समय प्राता-09-00 बजे से शाम 04-00 बजे तक मेंटिनेंस का कार्य होने जा रहा है,जिससे कम्पनी उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद वियक्त करती है।आवश्यकतानुसार समय मे परिवर्तन किया जा सकता है। मेंटिनेंस होने से प्रभावित क्षेत्र पिछोर, पड़रा, खनियाधाना, मुहारी, रेडी चौराहा, नया चौराहा, बामौरकला, झालोनी, हिडोराखेड़ी रही चौराहा, मायापुर, पिपरोदा उबारी, खोड़, वीरा, किशनपुरा, पिछोर शहर कोर्ट ड़ीडर, वाटर बॉक्स, किशनपुरा, कररखेड़ा आदि क्षेत्र में विधुत प्रदाय बन्द रहेगा।

# 19 अप्रैल से 27 अप्रैल 2023 तक श्रीमद् भागवत कथा का नगर परिषद पिछोर में आयोजन किया जा रहा है

## अंर्तराष्ट्रीय कथा वाचिका जया किशोरी के मुखारविंद से यह कथा भक्तों को सुनाई जाएगी मुख्य यजमान रूप सिंह परिहार

**राकेश परिहार**

**पिछोर।** विधानसभा क्षेत्र में बड़ा हर्ष का विषय है कि नगर परिषद पिछोर में प्रथम बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिला शिवपुरी में यह कथा प्रथम बार भक्तों को कथा सुनने को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय कथा पू, पू, कथा वाचिका जया किशोरी के मुखारविंद से यह कथा भक्तों को सुनाई जाएगी दि.19 अप्रैल 2023 को कलश यात्रा शुभारंभ होगा कथा प्रारंभ दि.20 अप्रैल 2023 हवन शांति पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा दिनांक 27 अप्रैल 2023 को समापन होगा कथा स्थल छत्रसाल स्टेडियम पिछोर मुख्य यजमान रूप सिंह परिहार (ग्राम बलदेवपुर देव खेड़ा ) पिछोर के।




# शिवपुरी जनसुनवाई में सहकारी बैंक घोटाले का पर्याय बना नया मामला घोटाले का सामने आया

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी।** शिवपुरी जिला कलेक्टर के यंहा गत मंगलवार को जनसुनवाई में प्रस्तुत शिकायत में दावा किया गया है कि वर्ष 2012 में बैंक की शाखा करेरा में पदस्त शाखा प्रबंधक द्वारा अनियमित रूप से 1करोड़ 40 लाख का भुगतान नगद में किया जाकर राशि स्वंय हड़प ली है। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुया है कि उक्त घोटाले की जांच पूर्व में बैंक मुख्यालय में पदस्त कर्मचारी लक्ष्मी नारायण तिवारी द्वारा की गई थी परंतु जांच को दबा दिया गया। 10 वर्ष उपरान्त पुनः ये प्रकरण प्रकाश में आने से बैंक में खलबली का माहौल है और प्रबंधन शिकायत की लीपा पोती में लगा है। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 12 ,13 में शाखा करैरा के शाखा प्रबंधक पद पर श्री राकेश भदौरिया शाखा प्रबंधक पद पर पदस्त थे। उनके द्वारा समर्थन मूल्य साख सीमा से 1 करोड़ 40 लाख की राशि अनियमित तरीके से संस्था तोड़ा पिछोर के खाते में डाल दी और फर्जी किसानों की सूची लगाकर उक्त राशि सहयोगियों के साथ मिलकर निकाल ली। शिकायत में राकेश भदौरिया की शाखा खनियाधाना में पदस्त दौरान पंजाब नेशनल बैंक से भी फर्जी आहरण फर्जीवाड़े की शिकायत की गई निम्नानुसार रात जो कि इनकी आय से अधिक संपत्ति जोकि पिछोर में 1,शारदा एचपी पेट्रोल पंप जोकि इनकी पत्नी श्रीमती शारदा भदौरिया के नाम। 2 पिछोर में शुभाशीष आईसर ट्रेक्टर एजेंसी जो इनके सुपुत्र श्री सुभाष सिंह भदोरिया के नाम पिछोर वार्ड क्रमांक 13 मैं 3 प्लॉट, 3. ग्राम लवेरा एवं नहीं चौराहे पर जमीन तथा नगरपालिका क्षेत्र में 25 बीघा जमीन, 4. विश्वास सूत्रों से ज्ञात पंजाब नेशनल बैंक खनियाधाना में बैंक खाते में बड़े चरस की हेराफेरी हुई है उक्त राशि का खुलासा जांच के बाद ही इसकी शिकायत जनसुनवाई कलेक्टर के समक्ष बा सहकारिता बैंक महाप्रबंधक के समक्ष की गई।

# दतिया आज मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा जी को जन्मदिन के शुभ अवसर पर मिली बधाइयां

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**



आज 15 4 2023 के दिन प्रदेश के गृह मंत्री जी का जन्मदिन के शुभ अवसर पर जिला कलेक्टर संजय कुमार और पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने निवास पर पहुंच कर गुलदस्ते के साथ दी ढेर सारी शुभकामनाएं।

# मेहगांव पुलिस ने देशी अधिया बंदूक व एक जिंदा राउंड सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे,मेहंगाव एसडीओपी आरकेएस राठौर के निर्देशन में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज मेहगांव पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर अशोखर तालाब के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर अधिया बंदूक तथा एक जिंदा राउंड बरामद किया । सराहनीय मुख्य भूमिका मेहंगाव थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक अशोक तिवारी, रामप्रसाद शर्मा, राजेंद्र गुर्जर, रामप्रसाद प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी, आरक्षक दिनेश मुद्गल, प्रदीप तोमर, प्रधान आरक्षक मुनेश तोमर, चालक राजकुमार गौतम सैनिक केदार शामिल रहे।

# दतिया पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने आज रात्रिकालीन थाना सेवड़ा डी पार इंदरगढ़ और थाना सिविल लाइन औचक निरीक्षण किया

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

निरीक्षण के दौरान थानों के रिकॉर्ड और हाथीयार के रखरखाव थाना परिसर की साफ-सफाई को भी चेक किया गया थाना कस्बे में पैदल मार्च कर कानून एवं यातायात व्यवस्था का जायजा भी लिया।



# महेश्वर पहुंचे राज्यपाल मंगू भाई पटेल और सीएम शिवराज सिंह चौहान, पर्यटन नगरी को दी करोड़ों के विकास कार्यो की सौगात

**खरगोन जिले में मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे ने**

खरगोन। पर्यटन नगरी महेश्वर में शुक्रवार को आयोजित किए गए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती और महिला महासम्मेलन के महते आयोजन में प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। यहां कार्यक्रम स्थल पर करोड़ों रुपए के विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इसके तुरंत बाद मंच पर आगमन और राज्यपाल की उपस्थिति में राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद कन्या पूजन और डा. आंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण किया। नगर के केवट समाज ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को श्रीरामजी, सीता और लक्ष्मण के साथ केवटराज विराजित एक मनमोहक नौका भेंटकर उनका स्वागत किया। सभा स्थल पर भाजपा नेताओं के अलावा आसपास क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच। सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढि?ां मां अहिल्याबाई द्वारा किए गए कार्यों और उनके जीवन इतिहास को जानें, इसलिए मां अहिल्या बाई महालोक का निर्माण किया जाएगा। हमने बहनों को राजनीति में भी सशक्त किया। स्थानीय निकाय के चुनाव में 50 प्रतिशत सीटों पर बहनें ही चुनाव लड़ेंगी। पुलिस में 30 प्रतिशत पद बेटियों की भर्ती करने निर्णय लिया। प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हमने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई है। इस योजना में गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की बहनों को प्रतिमाह 1000 दिए जाएंगे। उन्होंने कहा किए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के फॅर्म भरने के लिए किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लग रहा है। जिले की महेश्वर तहसील के टप्पा करहीको तहसील एवं बड़वाह तहसील के बलवाड़ा और काटकूट को उप तहसील बनाया जाएगा। कतरगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन किया जाएगा। कसरावद से पीपलगोन तक 23 किमी रोड के उन्नयन के लिए डीपीआर बनने के बाद इसे भी स्वीकृत किया जाएगा।



**कांग्रेस विधायक सहित कई कांग्रेसी गिरफ्तार**-महेश्वर में प्रस्तावित मेडिकल कालेज की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी निरस्त कर दिया गया। जिसकी मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ एवं कांग्रेसीयों द्वारा मुख्यमंत्री के पहुंच मुख्य मार्ग पर बैनर. पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। पुरानी मांगें जो पूर्ण नहीं हुई है, उनको लेकर झंडे दिखाए गए। कार्यक्रम में खलल न हो इसके लिए तैनात पुलिस ने विधायक विजयलक्ष्मी साधौ और कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ।

# लोगों के गले को ठंडा करने वाले खुद बैठे रहते है तपती धूप में

## कम बिक्री होने से नहीं निकलती मजदूरी

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। शहर में इन दिनों गर्मी का मौसम आते ही मिट्टी के लाल मटकों कि बहार आ गई है, गर्मियां आते ही लोग ठंडा पानी पीना शुरू कर देते हैं वर्तमान में ज्यादातर लोग फ्रिज का ठंडा पानी पीना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग गर्मियों में मिट्टी के मटके में रखा हुआ ठंडा पानी पीते हैं आज के बदलते वक्त में मिट्टी के मटके की जगह फ्रिज ने ले ली है यही कारण है कि भीषण गर्मी पड़ने के बावजूद लोग मिट्टी के मटके काफी कम खरीद रहे हैं लेकिन 41 डिग्री तापमान में सड़कों पर मटके बेचने वाले ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं,लेकिन बहुत कम संख्या में लोग मटके खरीदने लिए पहुंच रहे हैं जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोतरी होती है, वैसे- वैसे सड़कों के किनारे जगह-जगह मटके बेचनें वाले नजर आते हैं मटकें बेचनें वाले मटकों को सड़कों पर सजा कर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आते हैं अधिकतर दुकानों पर तो मटकों से पानी निकालने के लिए नल कि टोंटी भी लगी होती है, जिससे कि मटकों को खरीदने वाले लोग आकर्षित हो और



उनके मटकों की बिक्री बढ़ जाए, लेकिन इन तमाम उपायों के बाद भी मटके की बिक्री काफी कम है।जटाशंकर कॉलोनी निवासी दौलत चक्रवर्ती लगभग 20-25 सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी मटकें बेचनें का काम करते आ रहे है,उन्होंने बताया कि छोटी मटकों से लेकर बडे मटकें , डबुलियाँ, गुल्लक, गमले ऐसे सभी मिट्टी के आइटम बनाते है जो लोगों के दैनिक उपयोग के काम आते है इन मटकों कि कीमत 100रूपये से 200रूपये तक होती है एवं मटकों का स्टॉक बनाने के लिए आसपास के क्षेत्रों पतलोनी, टोरी, लकलका,इमलिया रीठी, कुम्हारी, से इन्हें खरीदकर भी शहर में लाते है ताकि शहर के लोगों को मटकें उपलब्ध करा सके।

### इनका कहना है

मिट्टी के मटके का पानी पीना बेहद फायदेमंद होता है पाचन क्रिया से लेकर ब्लड प्रेशर जैसी तमाम चीजों के लिए मटके का पानी पीना फायदेमंद माना गया है।

**मनोज देवलिया वरिष्ठ समाजसेवी**

पुराने लोग कहाँ करते थे मटकें का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, मंहगाई के दौर में इसे देशी फ्रिज माना जाता है जिसके पानी में सौंधेपन के साथ काफी मिठास होती है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आज भी इसे पसंद करते है और इसका पानी पीते है।

**संजू चौरसिया होटल संचालक**

# हत्यारे हाथ काट कर ले जा रहे, पुलिस का कोई पता नहीं : कौशिक

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर जताया आक्रोश

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिलासपुर में हुई युवक की हत्या को लेकर प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि छत्तीसगड़ राज्य बनने के बाद प्रदेश की पुलिस आज जितनी बेबस लाचार है उतनी कभी नहीं रही वजह कांग्रेस की लापरवाही है हत्या, चोरी, बलात्कार, तस्करी और नशाखोरी इस मात्रा में बड़ी हुई है कि आम लोगों का अब जीना दूभर हो गया है। अपराधी दिनदहाड़े बेरहमी से हत्या करके हाथ काट कर ले जातें हैं और पूलिस का कोई अता-पता नहीं है। श्री कौशिक ने कहा गांव गांव के साथ राजधानी व न्यायधानी की पुलिस को सख्त होना चाहिए, अपराधियों पर नकेल कसनी चाहिए। इसके विपरीत अपराधियों को देखकर पुलिस के कदम पीछे हो रहे है। उन्होनें कहा कि यह केवल अकेली घटना नहीं है पिछ्ले साड़े चार वर्षो में अनेक ऐसी घटनाएं घटित हुई है जो शासन व प्रशासन के लापरवाही व कुनीतियों का प्रमाण है। श्री कौशिक ने कहा सवाल यह है कि आखिर प्रदेश की सरकार व पुलिस प्रशासन कर क्या रही हैड़ दिनदहाड़े इस तरह की हत्याएं निरंतर हो रही है और पुलिस को इसकी जानकारी ही नहीं मिल पा रही है यह समझ से परे है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल इस तरह से चिंता मुक्त है मानो जनता के प्रति उनकी कोई जवाबदारी ही नहीं है। रही बात पुलिस प्रशासन की तो पुलिस केवल राजनीतिक मामलों में कांग्रेस सरकार को खुश करने के लिए अपनी सक्रियता दिखा रही है। आम लोगों के लिए घट रही घटनाएं उनके लिए आम हो गई है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दुरूस्त करने और बड़ते अपराध पर अंकुश लागाने में विफल कांग्रेस सरकार केवल खानापूर्ति के लिए कार्यवाही करती है। अगर अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करती तो इस तरह की वारदातें नहीं होती।

# सेन जयंती पर होगा प्रतिभाओं का सम्मान

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 17 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्मोत्सव पर दमोह सेन समाज द्वारा श्रीगणेश मंदिर प्रेम कुटी में विविध आयोजन किए जा रहे हैं, कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्षद विवेक सेन विक्की ने बताया कि बच्चे और बच्चियों द्वारा निबंध, मेंहदी, चित्रकला, रंगोली नेल आर्ट आदि कि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। 17 अप्रैल को सुबह सेन मंदिर प्रेम कुटी में हवन पूजन सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा वही शाम में मंदिर निर्माण हेतु अतिथियों द्वारा भूमि पूजन कर अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद प्रसाद वितरण एवं भोजन की व्यवस्था होगी साथ ही सभी सामाजिक बंधुओं से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की हैं।

# समाज के हृदय में में भुनेश्वर हमेशा जीवित रहेंगे: साव

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने बेमेतरा जिले के बिरनपुर में हिंसा में मृत भुनेश्वर साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भुनेश्वर भौतिक रूप से हमसे बिछड़ गए हैं लेकिन समाज के हृदय में वे हमेशा रहेंगे। संस्कृति की रक्षा में उनका प्राणोत्सर्ग समाज और छत्तीसगढ़ की स्मृतियों में चिर स्थायी रहेगा। श्री साव ने साहू समाज तहसील साहू संघ गुरुर जिला बालोद द्वारा आयोजित स्वर्गीय भुनेश्वर साहू की श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज के सपूत स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के सभी हत्यारों को जब तक सख्त सजा नहीं मिल जाती, जब तक भुनेश्वर के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। बलिदान देने वाले भुनेश्वर के परिवार के साथ है और सरकार की दमनकारी चेष्टाओं के बावजूद उनके परिवार को न्याय दिलाने संघर्ष करती रहेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि मेरी भुनेश्वर के परिवार से फोन पर बात हुई। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि उनके साथ न्याय होगा, इंसाफ होगा। न्याय दिलाने के लिए भाजपा आपके साथ है और आपको न्याय दिलाकर रहेगी। भुनेश्वर के माता-पिता चाहते हैं कि हत्यारों को फांसी की सजा होनी चाहिए। भाजपा भी यही चाहती है कि भुनेश्वर के हत्यारों को फांसी हो। भाजपा हर कदम पर भुनेश्वर के परिवार के साथ है और भाजपा उन्हें न्याय मिलने तक संघर्ष करती रहेगी।








# धर्मांतरण कराने वालों को भूपेश सरकार का संरक्षण: बृजमोहन

## ञ्चबृजमोहन ने कहा, आदिवासियों की संस्कृति परंपराओं की रक्षा के लिए भाजपा है संकल्पित

**रायपुर।** डी लिस्टिंग को लेकर हो रहे आंदोलन में भाजपा की भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की टिप्पणी पर वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि उनकी कांग्रेस पार्टी ही आदिवासियों के धर्मांतरण कराने वालों को प्रश्रय देती है। इसीलिए वो डी लिस्टिंग को लेकर आंदोलित आदिवासियों के आंदोलन पर उंगली उठा रहे है। बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नही अपितु देश भर आदिवासी अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए चिंतित है। ऐसे बहुत से लोग हैं जो धर्म परिवर्तन करके अपनी आस्था,अपनी संस्कृति,अपने संस्कारों और अपनी परंपराओं को परिवर्तित करने के बाद भी आदिवासियों की सुविधाएं ले रहे हैं। आदिवासियों के अधिकारों को छीन रहे हैं। इसी बात के विरोध में पूरे देश का आदिवासी समाज आक्रोशित है, आंदोलित है।

उन्होंने कहा कि बस्तर में ही 50 से ज्यादा आंदोलन डी लिस्टिंग को लेकर चल रहे है। नारायणपुर की घटना भी इसी का परिणाम है। बस्तर में कई जगह हालत ये है कि आदिवासी समाज अपने श्मशान घाटों में धर्म परवर्तित कर ईसाई बने लोगों को दफनाने की जगह नहीं दे रहा है। यह एक गंभीर समस्या बनकर सामने आई है। बृजमोहन ने कहा कि मुझ लगता है पूरे देश का आदिवासी समाज आज डी लिस्टिंग पर आंदोलित है। परंतु कुछ स्वार्थी तत्व और पूर्व में रही सरकारों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए आदिवासी समाज को तोड़ने के लिए धर्मांतरण का कुचक्र चलाया है। भूपेश को सपने में भी आरएसएस भाजपा दिखती है। उन्होंने कहा कि आजकल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को सपने में भी आरएसएस और भाजपा दिखने लगी है। वो अपनी गलतियों को देखें किस प्रकार से आदिवासियों के अधिकारों को छीन रहे हैं। बृजमोहन ने आरोप लगाया की आदिवासियों की परंपराओं को नष्ट करने वाले लोगों को कांग्रेस सरकार प्रश्रय दे रही है। मुख्यमंत्री सही मायने में आदिवासियों के हितैषी है तो उन्हें डी लिस्टिंग पर आंदोलित आदिवासी समाज का समर्थन करना चाहिए।

# भुवनेश्वर साहू को न्याय दिलाने लड़ने वालों के खिलाफ केस दर्ज करना कांग्रेस के असली चरित्र का प्रमाण: चौधरी

## हेट स्पीच करना कांग्रेस के नेताओं का इतिहासः ओपी चौधरी, छत्तीसगढ़ के लोगों की सुरक्षा के लिए लड़ते रहेंगेः भाजपा, कार्यकर्ताओं को नोटिस पर भड़के भाजपा महामंत्री


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने बिरनपुर मामले में न्याय की मांग कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस जज की भूपेश सरकार की पुलिस भाजपा के कार्यकर्ताओं को तथाकथित रूप से हेट स्पीच के लिए नोटिस थमा रही है। यह इनका गजब का दोहरा चरित्र है। बॉडी लैंग्वेज से लेकर बयानों तक अगर हेट स्पीच का कोई सरगना है तो वह स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। राज्यपाल से लेकर प्रधानमंत्री तक के बारे में अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। इनमें जरा भी सामान्य शिष्टाचार नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं का भद्दा मजाक उड़ाते हैं। इन के विधायक बृहस्पत सिंह सरेआम अधिकारी को पीट देते हैं और भूपेश बघेल कहते हैं कि यह आपस का मामला है। इनके मंत्री कवासी लखमा बच्चों को कुसंस्कार की शिक्षा देते हुए कहते हैं कि अगर नेता बनना है तो कलेक्टर एसपी की कॉलर पकड़ो। क्या कांग्रेस में नेता बनने की यही बुनियादी शिक्षा है कि गुंडागर्दी करो। इनकी विधायक शकुंतला साहू रेत के अवैध उत्खनन के मामले में तहसीलदार को जाकर धमकाती हैं। प्रदेश में माव लिंचिंग से एक युवक की हत्या होती है और इनके मंत्री अमरजीत भगत कहते हैं कि छोटी घटना घटी।

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और नेता छत्तीसगड़िया युवक की नृशंस हत्या के मामले में न्याय के लिए, उचित मुआवजा राशि के लिए, अपने विपक्ष धर्म का निर्वहन करते हुए आवाज उठा रहे हैं तो आप उनके खिलाफ मामले दर्ज करते हैं।दरअसल गांधी नेहरू परिवार को खुश करने यूपी में 50- 50 लाख रुपये बांटने वाले भूपेश बघेल की बौखलाहट यह है कि भाजपा के आवाज उठाने पर इन्हें मजबूरी में 10 लाख रुपए सांत्वना राशि देना पड़ा। 10 जनपद को छोड़कर किसी को पैसा देना इन्हें बर्दाश्त नहीं होता। ये छत्तीसगड़ियों को पैसा देना ही नहीं चाहते। इनकी लापरवाही से छत्तीसगड़ के कई युवा खिलाड़ियों की मृत्यु हुई। उन्हें उचित सहयोग राशि नहीं दिया। उनकी जान की कीमत 3 लाख लगाई गई। भाजपा इस अन्याय का विरोध करती है। यही भूपेश बघेल की बौखलाहट का असल कारण है। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार कितना भी दमन कर ले। कितनी भी प्रताड़ना कर ले। कितनी भी एफआईआर कर ले। जितना भी जेल भेजना है, भेज दे। भाजपा के कार्यकर्ता छत्तीसगड़ की जनता के हक में लड़ाई लड़ते रहेंगे। सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए, विपक्ष का धर्म निभाने के लिए हम लड़ते रहेंगे। 6 माह की बात है। हम कांग्रेस की अत्याचारी सरकार को उखाड़ कर ही दम लेंगे।

# धन्ना भगत के प्रेम के आगे भगवान को झुकना पड़ाः आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज

**पुष्पांजलि टुडे**

दमोह। ग्राम बरखेरा बैस मे कोमल सिंह के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि धन्ना भगत के प्रेम के आगे भगवान को भी झुकना पड़ा था धन्ना जाट की कथा आज इतनी मसहूर है की सभी भक्त इनको नमस्कार करते है। जिन्होंने श्री भगवान को प्रेम पूर्वक धरती पर उतारा जिसमे धना के प्रेम के आगे भगवान को झुकना पड़ा और धना के हाथ से रोटी खानी पड़ी थी धन्ना जाट के पिता साधु सेवी सरल हृदय वाले किसान थे पड़े लिखे तो नहीं थे परंतु वे श्रद्धालु थे उनके घर इधर उधर जाते हुए साधु संत आकर एक-दो दिन रह जाते थे धन्ना जी की उस समय आयु 5 वर्ष थी उस समय एक साधु उनके घर आया उस साधु ने कुएं से जल निकालकर स्नान किया और अपनी झोली में से शालग्राम जी को निकालकर उनकी पूजा तुलसी चंदन धूप दीप आदि से की। बालक साधु को ध्यान से देख रहा था। उन्होंने साधु से कहा कि महाराज जी मुझे भी यह मूर्ति दो मैं भी इसकी पूजा करूंगा साधु ने उसे बहुत समझाया परंतु बालक ने हठ करके उस मूर्ति को मांगा परंतु साधु ने उसे काले पत्थर का एक टुकड़ा पकड़ा दिया। और कहा कि लो बेटा यही तुम्हारा भगवान है और तुम आज से इसकी पूजा करो बालक ने खुशी से उस काले पत्थर के टुकड़े को पकड़ और अपना भगवान मानकर उसकी पूजा करने लगा सवेरे स्नान करके अपने भगवान को चंदन तिलक करता परंतु उसके पास चंदन नहीं होता तो वह मिट्टी का तिलक करता वृक्ष के हरे हरे पत्तों को चड़ाता क्योंकि उसके पास तुलसी के पत्ते नहीं थे फूल चड़ाता और कुछ तिनके जलाकर धूप कर देता और हाथ जोड़कर दंडवत प्रणाम करता और प्रेम से बैठ जाता दोपहर में बालक की मां ने बाजरे की रोटी खाने को



दी धन्ना भगत ने वे रोटियां भगवान के आगे रखकर आंख बंद कर ली। बीच-बीच में ही आंख खोलकर वह देखता रहा कि भगवान रोटी खाते हैं या नहीं परंतु जब भगवान ने रोटी नहीं खाई तब इन्होंने हाथ जोड़कर बहुत प्रार्थना की इस पर भी भगवान को भोग लगाते ना देखकर उसे बहुत दुख हुआ उसके मन में यह विचार आया कि भगवान उसे नाराज हो चुके हैं वह मेरी चढाई हुई रोटी नही खाते भगवान भूखे रहें और मैं रोटी खा लूं यह नहीं हो सकता ऐसा सोच कर धन्ना ने रोटियां गाय को दे दी धन्ना को इसी प्रकार कई दिन हो गए ठाकुर जी नहीं खाते और धन्ना उपवास करते हैं। दिन प्रतिदिन शरीर दुबला होता जा रहा है माता पिता को कुछ पता ही नहीं कि उसके लड़के को क्या हुआ है धन्ना को सिर्फ एक ही बात का दुख था कि उसके भगवान नाराज है वे उसकी दी हुई रोटी नहीं खाते इसी प्रकार धन्ना जाट को अपनी भूख का पता ही नहीं कुछ दिन बाद जब धना ने रोटियां रखी तो भगवान प्रकट हो गए और वे भोग लगाने लगे जब भगवान ने आधी रोटी खा ली तब धन्ना ने ठाकुर जी का हाथ पकड़ लिया और कहां कि तुम इतने दिन क्यों नहीं आए मुझे भूखा मारा और आज आए हो तो अकेले ही रोटी खा रहे हो मुझे थोड़ी सी भी रोटी नहीं दी बची हुई रोटी को भगवान ने धन्ना को दे दी प्रेम के भूखे भगवान को धन्ना की रोटियों का स्वाद लग गया। अब वे नियमित रूप से धन्ना की रोटियों का नित्य भोग लगाने लगे इसी तरह से धना जाट भगत बना क्योंकि जिसको भगवान वासुदेव के दर्शन हो जाये वो साधारण मनुष्य केसे रह सकता है भगवान ने तो अपने भगतो के मान बड़ाने के लिए अपना आधा नाम ही भक्तो को दे दिया आप देखिये भगवान और भगत में पहले दो नामो की समानता है। धन्ना धुआंन गांव में एक जाट परिवार में पैदा हुए और आगे चलकर धन्ना जाट कहलाये धन्ना रामानंद के शिष्य थे जिन्होंने रामानंद की ही भांति भगवान को प्राप्त किया था।

# सामाजिक न्याय-समरसता के अग्रदूत डॉ. अंबेडकर

सदियों से हम एक राष्ट्र के रूप में अस्पृश्यता और जाति-आधारित भेदभाव से निपटने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। इस तरह की भारतीय समाज की कुछ अमानवीय प्रथाओं ने एक बड़े वर्ग के मौलिक अधिकारों का हनन किया। उनकी प्रगति को अवरुद्ध किया। समय-समय पर महान आत्माओं ने हमें विभिन्न सामाजिक बुराइयों से उबारने का प्रयास किया। उनमें से कुछ थे संत शिरोमणि रविदास, संत चोखामेला, संत कबीर दास, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी रामकृष्ण परमहंस और संत तुकाराम।

19वीं शताब्दी के अंतिम दशक के उत्तरार्ध में, सुनहरे भविष्य की उम्मीदों से भरा हुआ एक मासूम-सा बालक स्कूल की अपनी कक्षा में बड़ी मेहनत से पढ़ाई कर रहा था। वह कक्षा में किस स्थान पर और किसके साथ बैठेगा यह उसके लिए कोई मुद्दा नहीं था। हालांकि, जब अन्य छात्रों को उसकी अछूत जाति के बारे में पता चला तो उसे कक्षा में सबसे पीछे बैठा दिया गया। एक बार वह अपने भाई और फुफेरे भाई के साथ अपनी बुआ के गांव जा रहा था। जब पता चला कि वे अछूत हैं तो गाड़ी वाले ने उन्हें बीच रास्ते में ही छोड़ दिया। एक दिन वह बालक कहीं जा रहा था। बीच में वह एक सार्वजनिक नल से पानी पीने के लिए रुका। अछूतों को इस नल की सुविधा का उपयोग करने की अनुमति नहीं होने के कारण उनसे अभद्रता की गई।

वह बालक कोई और नहीं बल्कि डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर थे, जिन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। इनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को महू सेना छावनी में पिता रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई मुरबडकर सकपाल के घर में हुआ। वे अपने माता-पिता की 14वीं संतान थे। अस्पृश्यता, जाति-आधारित उत्पीड़न और बचपन के दौरान भेदभाव जैसी अमानवीय सामाजिक बुराइयों ने उनके जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ी।

अपने जीवन की इन कटु घटनाओं ने उन्हें अहसास कराया कि हिंदू समाज में जातिवाद, छुआछूत और अपमान की क्रूर जड़ें कितनी गहरी हैं। जब वह सिर्फ छह साल के थे तब उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। इन सभी आघातों के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी और सभी बाधाओं से संघर्ष करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। यह अनुकरणीय धैर्य, दृढ़ संकल्प और कभी हार न मानने



वाले जज्बे का एक अविश्वसनीय उदाहरण था।

डॉ. अंबेडकर ने 1908 में बम्बई से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उनके पिता ने उन्हें अच्छे संस्कार देते हुए संत ज्ञानेश्वर जैसे महान संतों की कहानियां और विचार तथा रामायण और महाभारत की शिक्षाएं प्रदान कीं। उन्होंने 1912 में बम्बई से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की। बड़ौदा के महाराजा से छात्रवृत्ति के साथ, वह न्यूयॉर्क शहर के कोलंबिया विश्वविद्यालय गए, जहां से उन्होंने 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' पर अपनी थीसिस को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद जून, 1915 में मास्टर डिग्री प्राप्त की।

वर्ष 1916 में उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से 'रुपये की समस्या : इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान' नामक विषय की डॉक्टरेट थीसिस पर काम किया। उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए छत्रपति साहू जी महाराज से 5000 रुपये का ऋण लिया। 1920 में लन्दन विश्वविद्यालय द्वारा डी.एस.सी. की उपाधि प्राप्त की। वह बॉन विश्वविद्यालय, जर्मनी भी गए। जून, 1927 में, उन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। वह अपने समय के एक दुर्लभ भारतीय राजनेता थे जिन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स एवं बॉन विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था।

डॉ. अंबेडकर गरीब लोगों, अछूतों के भाग्य के बारे में चिंतित थे। डॉ. अंबेडकर चाहते थे कि वे स्वतंत्र हों। उन्होंने बड़ौदा महाराज की अध्यक्षता में दलित वर्ग समाज की स्थापना की। उन्होंने समाज के दबे-कुचले वर्गों के मुद्दों और आकांक्षाओं को उजागर करने के लिए 1927 में रूढ़िवादी हिन्दू परम्पराओं की आलोचना करने के लिए एक मराठी पाक्षिक पत्रिका 'मूकनायक' और हिन्दू धर्म में जाति प्रथा के उन्मूलन के लिए 'बहिष्कृत भारत' की शुरुआत की। 1936 में उन्होंने इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना की। इसने 1937 के बंबई चुनाव में 13 आरक्षित और चार सामान्य सीटों के लिए केंद्रीय विधानसभा का चुनाव लड़ा और क्रमशः 11 आरक्षित और तीन अन्य सीटों पर जीत हासिल की। उनके लिए लोकतांत्रिक मूल्य सर्वोपरि थे!

सभी कठिनाइयों को धता बताते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, डॉ. अंबेडकर ने अपना जीवन दलितों की मुक्ति और सशक्तीकरण के लिए समर्पित कर दिया। इसलिए संघर्ष उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया। 1927 में, डॉ. अंबेडकर ने अपने हजारों अनुयायियों के साथ महाराष्ट्र के महाड़ में चवदार टैंक से पानी पीकर एक शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व किया, जबकि तत्कालीन बॉम्बे सरकार ने सी.के. बोले द्वारा प्रस्तुत किए गए 192 प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए अछूतों को टैंक से पानी पीने सहित सार्वजनिक निधि से संचालित किए जाने वाले सार्वजनिक जलाशयों, कुओं और धर्मशालाओं का उपयोग करने का अधिकार दिया।

डॉ. अंबेडकर ने 3 मार्च, 1930 को नासिक के कालाराम मंदिर में सभी हिंदुओं के सुरक्षित प्रवेश के लिए एक आंदोलन का नेतृत्व किया। वह हिंदू समाज और हिंदू धर्मशास्त्र के पूर्ण परिवर्तन के पक्ष में थे और सभी हिंदुओं के लिए समान अधिकार सुरक्षित करने के पक्ष में थे। वे समावेशिता के पक्षधर थे। उनका मानना था कि जातिवाद और अस्पृश्यता हिंदू धर्म, वेदों की भावना के खिलाफ है। इसका सार गुणवत्ता, न्याय, बंधुत्व और भाईचारे में निहित है। उन्हें आश्चर्य हुआ कि इतने उदार हिंदू धर्म में भी हिंदुओं के एक बड़े हिस्से को अछूत, यहां तक कि अमानवीय जीवन जीने को बाध्य किया जाता है।

वह हिंदुत्व के विरोधी नहीं थे। उन्हें हिंदू धर्म में आने वाले विकारों के खिलाफ नाराजगी थी। उनमें भारतीयता और राष्ट्रीयता कूट-कूट कर भरी थी। हिन्दू धर्म से नाराजगी के बावजूद स्वदेशी बौद्ध धर्म को स्वीकार किया जो कि विशुद्ध भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। जिसे सम्पूर्ण भारतवर्ष में अशोक जैसे महान सम्राटों के साथ-साथ ही सामान्य जनता ने खूब स्वीकार किया। 14 अक्तूबर, 1956 को बौद्ध धर्म की उनकी स्वीकृति उनके भारतीयता के प्रति अगाध प्रेम का परिचायक थी। कहा जाता है कि जब डॉ. अंबेडकर दूसरे गोलमेज सम्मेलन के दौरान महात्मा गांधी से मिले, तो उन्होंने उनसे कहा कि वे उस धर्म को स्वीकार नहीं कर सकते जो मनुष्यों को मनुष्य के रूप में नहीं मानता है। वे एक ऐसे धर्म को अपनाएंगे जो हिंदू धर्म के लिए कम हानिकारक हो।

डॉ. अंबेडकर में अपने आलोचकों को सुनने की उनकी क्षमता बेजोड़ थी। कई मुद्दों पर वीर सावरकर और महात्मा गांधी के साथ अपने मतभेदों के बावजूद, वे सामाजिक समानता के लक्ष्य को प्राप्त करने और अस्पृश्यता और जातिवाद जैसी घृणित बुराइयों से समाज को मुक्त करने के विचारों में एकमत थे। डॉ. अंबेडकर समाज के वंचित वर्गों के लिए समान अधिकार को लेकर वंचित वर्गों की आपसी एकता के साथ अहिंसक संघर्षों और आन्दोलनों के अटूट हामी थे। वह चाहते थे कि समाज के दलित वर्ग एकजुट रहें और ज्ञान और शिक्षा प्राप्त करें ताकि वे उत्पीड़ित न हों।

हमारे संविधान के निर्माता के रूप में, डॉ. अंबेडकर ने हमें एक मजबूत, स्वस्थ और अधिक समावेशी समाज बनाने का मंत्र और रोडमैप दिया है। समाज के वंचित वर्गों, अल्पसंख्यकों, अन्य पिछड़े वर्गों, महिलाओं और मजदूरों के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी एक सच्चे मार्गदर्शक की तरह राह दिखाती है। वे केवल दलितों के नहीं अपितु समानता और समरसता चाहने वाले देश के सभी 135 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. बीआर अंबेडकर को उनकी जयंती पर हमारी सच्ची श्रद्धांजलि सामाजिक समरसता को कायम करने, गरीबी को समाप्त करने का संकल्प लेने और राष्ट्रीय अवसरों और सुविधाओं को साझा करने में सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करने से होगा। जाति, पंथ, धर्म और क्षेत्र के विचारों से ऊपर उठकर हमें भारत को विश्व गुरु बनाना है।

संपादकीय

## एकता के यक्ष प्रश्न

यह तो तय था कि आगामी वर्ष आम चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कोशिशें तेज होंगी। लेकिन कर्नाटक चुनाव से पहले ही एकजुटता की कवायद शुरू हो जाएगी, ऐसी उम्मीद कम ही थी। शायद मानहानि मामले में राहुल गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त किये जाने और फिर उनसे सरकारी आवास खाली कराये जाने के घटनाक्रम ने विपक्षी दलों को एकजुट होने के लिये प्रेरित किया। बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर राहुल गांधी से हुई मुलाकात को विपक्षी एकता की दिशा में बड़ी पहल कहा जा रहा है। हालांकि, इन एकता के प्रयासों में कोई नई बात नहीं है क्योंकि बिहार सरकार में पहले ही तीनों दल शामिल हैं। इससे पूर्व फरवरी में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया रैली में कांग्रेस से मोदी सरकार के खिलाफ तुरंत एकजुट होने की बात कह चुके थे। लेकिन राहुल प्रकरण ने विपक्षी दलों को असुरक्षाबोध से भर दिया और यह निष्कर्ष समझ में आने लगा कि यदि हम एकजुट न हुए तो तंत्र के निरंकुश व्यवहार का शिकार होना पड़ सकता है। जिसके चलते कई राजनीतिक दल, जो विपक्षी एकता में कांग्रेस की भूमिका के प्रति किंतु-परंतु करते थे, वे भी अब एकता के प्रयासों को नई उम्मीद से देख रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी भी समान विचार वाले दलों के साथ समन्वय की बात करने लगी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कर्नाटक चुनाव से पहले एकजुटता के जरिये विपक्ष महासमर की मॉक ड्रिल करने के मूड में है। वैसे उसके बाद साल के अंत तक महत्वपूर्ण राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होने हैं। कांग्रेस के लिये बेहतर प्रदर्शन की चुनौती यह भी होगी कि इन तीनों राज्यों में उसकी ही सरकारें हैं। ऐसे में सवाल उठेगा कि क्या कांग्रेस विपक्षी एकता के फार्मूले का प्रयोग इन तीन राज्यों से शुरू कर देगी? दरअसल, विपक्षी एकता की कवायद गाहे-बगाहे होती रही हैं, लेकिन इनमें तेजी बड़े चुनाव से पहले ही आती है। फिर कई राज्यों की सत्ता में काबिज विपक्षी दलों के क्षत्रप कांग्रेस को लेकर परहेज करते रहे हैं। इनमें वे दल भी शामिल हैं जिनका जन्म ही कांग्रेस विरोध और इस पार्टी से टूटकर हुआ है। मसलन उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो अखिलेश,बी.आर.एस् सुप्रीमो चंद्रशेखर राव तथा तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी एकता के प्रयासों में कांग्रेस की बड़ी भूमिका से परहेज करती हैं। अब भी अहम सवाल यही है कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन बनेगा? लेकिन नीतीश कुमार अब विपक्षी एकता में कांग्रेस की बड़ी भूमिका के लिये मुहिम चला रहे हैं। हालांकि, अब तक अडाणी प्रकरण में जेपीसी जांच के मुद्दे पर अलग राय रखने वाले एनसीपी प्रमुख शरद पवार को विपक्षी एकता के प्रयासों में बाधक बताया जा रहा था, लेकिन अब पवार ने भी कह दिया है कि जेपीसी मुद्दे पर अलग राय होने के बावजूद वे विपक्षी एकता के पक्षधर हैं। वैसे भी पवार की पार्टी महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला चुकी है। कहीं न कहीं एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता खत्म होने ने भी विपक्षी एकजुटता की कवायद को बल दिया है। जिसके चलते परदे के आगे-पीछे एकता के प्रयासों को सिरे चढ़ाने की कवायद तेज हुई है। नीतीश अरसे बाद बिहार से निकलकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हुए हैं और लालू यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि से मिले हैं। जिसका निष्कर्ष यह पढ़ा जा सकता है कि विपक्षी एकता की योजना सिरे चढ़ती नजर आ रही है। कांग्रेस, जदयू व राजद की एकजुटता के बाद अन्य क्षत्रपों को एक साथ लाने के प्रयासों में आने वाले दिनों में तेजी देखी जा सकती है। वैसे भी तमिलनाडु में डीएमके, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार में कांग्रेस सहयोगी है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मौके पर नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी व एमएनएम एकजुटता दिखा चुके हैं। उम्मीद आप को लेकर भी लगायी जा रही है।

## जहां लगी बाबा साहेब की पहली प्रतिमा

देश का कोई छोटा या बड़ा शहर नहीं होगा जहां पर आपको डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के दर्शन नहीं होंगे। पर क्या आप जानते हैं कि उनकी पहली मूर्ति राजधानी के रानी झांसी रोड पर स्थित अंबेडकर भवन में 14 अप्रैल, 1957 को स्थापित की गई थी? डॉ. अंबेडकर ने अंबेडकर भवन की 16 अप्रैल, 1950 को नींव रखी थी। उनकी 6 दिसंबर, 1956 को मृत्यु के बाद उनका जो पहला जन्म दिन आया, उस दिन उनकी यहां पर प्रतिमा लगाई गयी थी। उसके बाद तो देश भर में बाबा साहेब की प्रतिमाएं लगती रहीं। दरअसल डॉ. अंबेडकर के करोल बाग में बहुत से अनुयायी थे। वे करोल बाग के टैंक रोड और रैगरपुरा जैसे इलाकों में अपने परिचितों से मिलने-जुलने के लिए जाना पसंद करते थे। यहां चमड़े का काम करने वाले दलितों की घनी बस्तियां हैं। इसलिए उन्होंने अपने जीवनकाल में करोल बाग के पास जमीन ले ली थी जहां उनकी अध्ययन केन्द्र बनाने की योजना थी।

बाबा साहेब ने 26, शाम नाथ मार्ग (पहले अलीपुर रोड) में रहते हुए 'बुद्धा एंड हिज धम्मा' नाम से अपनी कालजयी पुस्तक लिखी थी। इसमें डॉ. अंबेडकर ने भगवान बुद्ध के विचारों की व्याख्या की है। बाबा साहेब द्वारा लिखी यह अंतिम पुस्तक है। संपूर्ण विश्व और मुख्यतः बौद्ध जगत में यह ग्रंथ अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह ग्रंथ मूलतः अंग्रेज़ी में 'द बुद्धा एंड हिज धम्मा' नाम से लिखा गया। इसका हिन्दी, गुजराती, तेलुगु, तमिल, मराठी, मलयालम, कन्नड़, जापानी सहित और कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन ने इस ग्रंथ का हिंदी अनुवाद किया है। दरअसल नेहरू कैबिनेट से 1951 में इस्तीफा देने के बाद डॉ. अंबेडकर शाम नाथ मार्ग में शिफ्ट कर गए थे। तब उनका ज्यादातर वक्त अध्ययन और लेखन में ही गुजरता था। जैसे ही 26 अलीपुर रोड के अंदर पहुंचते हैं तो लगता है कि बाबा साहेब यहां पर ही कहीं मौजूद होंगे।




डॉ. अंबेडकर की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल, 1967 को स्थापित हुई थी। उसका अनावरण किया था भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। संसद भवन के गेट नंबर तीन पर लगी बाबा साहेब की शानदार प्रतिमा में वाघ ने उन्हें जनता का आह्वान करते हुए दिखाया है। उनके एक हाथ में भारत के संविधान की प्रति भी है। वाघ ने ही तिलक ब्रिज पर बाल गंगाधर तिलक और मिन्टो रोड में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं भी बनाई थीं। वाघ महाराष्ट्र के रहने वाले थे। उनकी कृतियां मुंह से बोलती हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल, 1990 को किया था। इस बीच, बाबा साहेब कभी 15 जनपथ में नहीं रहे। वे या तो 22 पृथ्वीराज रोड या फिर 26 अलीपुर रोड पर रहे। तो फिर उनके नाम पर फाउंडेशन जनपथ में क्यों बनाया गया? दरअसल 15 जनपथ पर डॉ. अंबेडकर के परम सहयोगी भाऊराव कृष्णजी गायकवाड दो बार रिपब्लिकन पार्टी के संसद सदस्य के रूप में रहे। उन्होंने भी डॉ. अंबेडकर के साथ 14 अक्तूबर, 1956 को बुद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था। फिर 15 जनपथ का बंगला रिपब्लिकन पार्टी का दफ्तर भी रहा। इसलिए ही सरकार ने इसे अंबेडकर फाउंडेशन के रूप में विकसित किया। अब यहां बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा लगी हुई है, जिसे मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। बाबा साहेब राजधानी में 22 पृथ्वीराज रोड के सरकारी आवास में स्वतंत्र भारत के पहले विधि मंत्री और संविधान सभा के अध्यक्ष पद को संभालने के बाद रहने लगे थे। यहां उनकी पत्नी डॉ. सविता अंबेडकर, जीवनपर्यंत सहयोगी रहे नानक चंद रत्तू, होती लाल और सेवक सुदामा भी थे। चूंकि बाबा साहेब के कंधों पर दो महत्वपूर्ण दायित्व थे, इसलिए उनका आम जन से मिलना-जुलना सिर्फ रविवार को ही संभव होता था। नानक चंद मूलतः पंजाबी थे। होती लाल अलीगढ़ से। होती लाल ने ही 6 दिसंबर, 1956 को दुनिया को बताया था कि बाबा साहेब का निधन हो गया है। अब रत्तू जी तथा होती लाल के परिवार क्रमश पश्चिम विहार और वसंत कुंज में रहते हैं। बाबा साहेब के साथ उनके अंतिम दिनों में साये की तरह रहते थे होती लाल। वे सन पचास से ही बाबा साहेब से जुड़ गए थे। वे बाबा साहब के कागजातों को संभालने से लेकर घर को भी मैनेज करते थे। उन्हीं की देखरेख में 14 अप्रैल, 1956 को बाबा साहेब का जन्म दिन 26 अलीपुर रोड में भव्य पैमाने पर मनाया गया था।

## भीमकाय तानाशाह पड़ोसी के साये में छोटे सा प्रजातंत्र!

श्रुति व्यासचीन ख़म ठोंक रहा है। शनिवार को उसने ताईवान के आसपास विशाल सैन्य अभ्यास शुरू किया। इस तीन दिन के ऑपरेशन युनाईटेड शार्प स्वार्ड में ताईवान की घेराबंदी का अभ्यास किया है। लड़ाकू विमान, युद्धपोत और सैनिकों की ताईवान स्ट्रेट के वायु तथा समुद्री क्षेत्रों में कूंच है। मतलब ताइवान के लिए कड़ी चेतावनी' ।इधर ताईवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन अमेरिका गई और वहां उनकी मुलाकात हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स के स्पीकर केविन मेकार्थी से हुई तो उधर चीन तिलमिलाया और उसने अपने गुस्से का इज़हार करने के लिए ताइवान की घेराबंदी की। जाहिर है त्साई की यात्रा से चीन और अमेरिका के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ी है वही ताईवान में भी अंदरूनी तनाव में इज़ाफा हुआ है। पिछले वर्ष भी अमेरिका की तत्कालीन स्पीकर नेन्सी पिलोसी की ताईवान यात्रा के बाद चीन ने ऐसे ही गुस्सा दिखाया था।चीन का दावा है कि ताईवान उसका हिस्सा है। उसे चीन में शामिल करेगा, भले ही इसके लिए उसे बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े, यह उसका सार्वभौमिक अधिकार है।निसंदेह युद्ध की नौबत ताईवान के 2.30 करोड़ निवासियों के लिए अत्यंत भयावह होगी और दुनिया पर इसके दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ेंगे। चीन अगर ताईवान पर हमला करता है तो अमरीका, और संभवतः जापान, आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन भी इस युद्ध में घसीट लिए जाएंगे।ताईवान की लड़ाई आकार और खतरे दोनों दृष्टियों से यूक्रेन से बड़े होंगे।कई लोगों का मानना है कि हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है। विशेषकर चीन की सत्ता शी जिन पिंग के हाथ में मजबूत होते जाने और ताईवान ही नहीं बल्कि सभी अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर उनके आक्रामक रूख के चलते। पिछले महीने शी ने इस स्व-शासित द्वीपको चीन में शामिल करने का संकल्प दुहराया। उन्होंने कहाँ, +हमें बाहरी शक्तियों और ताईवान की स्वंतत्रता संबंधी अलगाववादी गतिविधियों का कड़ा विरोध करना चाहिए। हमें राष्ट्रीय पुनर्जागरण व पुनर्एकीकरण के कार्य में अडिगता से जुटे रहना चाहिए।+ शी ने नेशनल पीपुल्स कांग्रेस को संबोधित करते हुए सैन्य शक्ति के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया।इस मामले मेंअमेरिका की ढुलमुल नीति है। वह ताईवान पर चीन की सार्वभौमिकता को स्वीकार नहीं करता लेकिन वह ताईवान को एक स्वतंत्र देश का दर्जा भी नहीं देता। उसके केवल चीन से कूटनीतिक संबंध हैं (हालांकि वह ताईवान को हथियार देता है)।शक नहीं कि पिलोसी की यात्रा के बाद से चीन, अमरीका और ताईवान के आपसी रिश्तों में बदलाव आया है। ताइवान चीन से खिसक रहा है और रूस-यूक्रेन युद्ध से यह दूरी और बढी है। दो पीढ़ी पहले तक ताईवान में सैनिक तानाशाही थी और शासन गुओमिंदांग या केएमटी नामक चीनी राष्ट्रवादी पार्टी के हाथों में था जो सिद्धांत के स्तर पर स्वीकार करती थी कि ताईवान चीन का हिस्सा है। आज ताइवान एक फलता-फूलता लोकतंत्र है जहां सत्ता राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन और उनकी स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के हाथ में है। यद्यपि सन् 2024 में होने वाले चुनाव से ताईवान की आंतरिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है। त्साई अगला चुनाव शायद नहीं लड़े। यह साफ नहीं है कि राष्ट्रपति के पद पर उनका उत्तराधिकारी कौन होगा और यह भी क्या सत्ता पर स्वतंत्रता-समर्थक डीपीपी का कब्जा बना रहेगा। उनकी पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी गुओमिंदांग (केएमटी) का दावा है कि डीपीपी ने चीन से रिश्ते खराब कर लिए हैं और हम इन्हें सुधारेंगे।हालांकि केएमटी चीन समर्थक नहीं है लेकिन उसका मानना है कि चीन से शांतिपूर्ण संबंध बने रहने चाहिए। पूर्व केएमटी नेता मा इंग-जो, जो 2008 से लेकर 2006 तक ताइवान के राष्ट्रपति थे, के कार्यकाल में ताइवान और चीन के सम्बन्ध अत्यंत मधुर थे। दोनों देशों ने 23 व्यापार संधियों पर हस्ताक्षर किये थे, दोनों के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई थी। स्कूली बच्चों का एक्सचेंज प्रोग्राम चला करता था। हाल में मा इंग-जो चीन की यात्रा पर गए थे जिससे उलझन और बढ़ी है।राजनैतिक और रणनीतिक ङ्क दोनों दृष्टियों से ताइवान स्ट्रेट अनिश्चितता के पंजे में है।इलाके में खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। अगर देश में सत्ता परिवर्तन होता है तो उससे भी टकराव बढेगा ही क्योंकि ताइवान के 60 प्रतिशत से अधिक नागरिक अब स्वयं को केवल ताईवानी के रूप में देखते हैं।एक छोटा सा प्रजातंत्र अपने भीमकाय तानाशाह पड़ोसी के सामने सीना तान कर खड़ा हुआ है, पर पूरे परिदृश्य को इस रूप में देखना ठीक नहीं होगा। अमरीका की ढुलमुल नीति ने हालात को और गंभीर बनाया है। यूएस कौंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुखिया रिचर्ड हास ने यूक्रेन पर हमले के ठीक पहले प्रकाशित अपने लेख में चेतावनी दी थी कि बाईडेन में रणनीतिक स्पष्टता' के कमी के चलते, पुतिन की तरह शी भी हालात का आंकलन करने में गंभीर भूल करने की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

# केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास और प्रगति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी : श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया

## श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 361 करोड़ की नवीन विद्युत परियोजना का भूमि पूजन कर जिले को दी विशेष सौगात, दतिया लोकसभा क्षेत्र को एयरपोर्ट बनाकर हवाई सेवाओं से जोड़ने का पूर्ण रूप से प्रयास करूंगा





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मिण्ड। भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में केंद्रीय उड़ान मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मिण्ड पहुंचे जहां उन्होंने संस्कृति गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले को 64 .करोड़ 57 लाख की लागत से आरडीएसएस विद्युतीकरण योजना के तहत होने जा रहे विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ीकरण अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर जिले को विशेष सौगात दी और विकास और प्रगति के लिए केंद्र भाजपा सरकार को मिशन 2023 विधानसभा और मिशन 2024 लोक सभा में सरकार बनाने के लिए को आव्हान किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा विकास और प्रकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है।

श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा हमारा और आपका रिश्ता राजनीतिक नहीं सिंधिया परिवार का अगर कोई रिश्ता है खून का रिश्ता है। जब जब संकट का समय आया है सिंधिया परिवार में जनता का दुख बांटने का काम किया। 1980 में जब संभाग में बाढ़ आई थी जब मेरी दादी और पिताजी गांव-गांव में कंबल बांटने के लिए निकले थे उन्होंने सेवा भाव का कार्य किया। बाढ़ आई थी जनता फंसी थी जब मैंने संसद का सत्र छोड़कर पूरे संभाग में मैंने दौरा किया। प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हमने हेलीकॉप्टर की मदद से हर व्यक्ति की जान बचा कर उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम किया। हमारा आपका संबंध विकास व प्रकृति का रहा है। परियोजना के गांव गांव में बिजली हर किसान के खेत गांव तक पहुंचेगी यह भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में विकास आज प्रकृति पर है। विद्युत परियोजना जिले की पांचों विधानसभा को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से बिजली के लिए कोई भी गांव नही छोड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है हर गांव में प्रकाश पहुंचना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर गांव में बिजली पहुंचे यही भाव को लेकर प्रदेश सरकार हमारे विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारी काम कर रहे हैं।75 वर्ष तक कांग्रेस की सरकार आ रही जिन्होंने कभी विकास की चिंता नहीं की। गरीब कल्याण अंत्योदय योजना में 11 करोड़ किसानों के खातों में ढाई करोड़ खातों में 10,000 हमारी भाजपा की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को निशुल्क उज्जवला योजना के तहत घर-घर में गैस कनेक्शन दिए 9 ¬ 30 करोड़ कनेक्शन वितरित किए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के लिए लाडली लक्ष्मी योजना से शुरुआत प्रारंभ की और अब लाडली बहना योजना को प्रारंभ किया है।? 1000 की राशि उनके खातों में पहुंचाई जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार संकल्प है कि हम देश और प्रदेश को अंत्योदय योजना से व्यक्ति को लाभ दिला कर आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत से भारतीय सेना के 90 प्लेन गए और वहां के बच्चों को सुरक्षित निकालने का काम हमारी भारतीय सेना के जवानों ने किया। सांसद संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि जो आपने बांध रखी है फोरलेन कराने के लिए मैं 200त्न ऊर्जा इस भूमि के लिए लगा दूंगा ।

उन्होंने कहा कि सांसद श्रीमती संध्या राय ने जो मांग रखी है मिण्ड दतिया संसदीय क्षेत्र में शीघ्र एयरपोर्ट स्वीकृत किया जाएगा। संसदीय क्षेत्र को हवाई अड्डा बनाकर से गरीब प्लेन चला देंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार विकास और प्रगति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद संध्या राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक बिजली व्यवस्था हेतु गांव गांव में पहुंचे इसी सपने को साकार करने के लिए श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के प्रयासों से 360 करोड की परियोजना का स्वागत इस भिंड जिले को मिली है मैं जनता की ओर से उनका अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापन करती हूं। उन्होंने श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का भिंड के लिए विशेष हवाई अड्डा बनाने के लिए ध्यान आकर्षित कराया ताकि यह भिंड जिला हवाई पट्टी से जुड़ सकें। राजस्व एवं परिवहन जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की सरकार में बिजली का बुरा हाल था। भाजपा की सरकार में मध्य प्रदेश गांव और शहर शहर में अजी बिजली उत्पादन के साथ उजाला घर घर में है। श्री सिंधिया परिवार को हमेशा विकास की चिंता रहती है। महाराज साहब आपका आशीर्वाद हमेशा गवालियर चंबल पर बना रहे। नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि कोविड - 19 काल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का काम श्रीमद् ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने किया था और बिजली विकास का एक माध्यम है जिसे आगे बढ़ाने का काम किया। ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने कहा कि 360 की लागत से नवीन विद्युत परियोजना का भूमि पूजन श्रीमंत सिंधिया जी के कर कमलों से हो रहा है। कैलाश वासी स्वर्गीय माधवराव सिंधिया ने भिंड का रेलवे लाइन से जोड़ने का काम उन्होंने किया। सिंधिया परिवार ने हमेशा सेवा भाव का माध्यम लेकर राजनीति को व्यवसाय नहीं विकास के लिए काम किया है। दिग्विजयसिंह की सरकार में जहां बिजली की दिक्कत थी वहीं आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं श्रीमंत ज्योतिराज सिंधिया के प्रयास से हमारी भाजपा सरकार 24 घंटे बिजली ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध करा रही है। इस योजना से विद्युत मेंटेनेंस का कार्य आगे बढ़ाया जाएगा।

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि विकास के क्रम में श्रीमंत राजमाता विजय राजे सिंधिया का विशेष योगदान आंचल में रहा है। विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहा कि बाईपास के तहत फोरलेन में लाने के लिए 33 करोड़ का प्रस्ताव भेज दिया गया है इसे तक शीघ्र स्वीकृत कराकर भिंड के विकास को आगे बढ़ाने का काम करें। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि महाराज साहब की एक नहीं अनेक विकास उपलब्धियां भिंड जिले को मिली है। इस अवसर पर आभार व्यक्त भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने किया भिंड दतिया सांसद प्रदेश उपाध्यक्ष संध्या राय, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया राजस्व एवं परिवहन जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया,मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह, मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त शैलेंद्र बरुआ निगम अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त रणवीर जाटव प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, पूर्व सांसद डॉ भागीरथ प्रसाद, पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया ,पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ रमेश दुबे ,अवधेश सिंह कुशवाह, केशव सिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, केपी सिंह भदौरिया संजीव काकर ,वीरेंद्र सिंह राणा, कृष्णकांता तोमर,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन ,मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के संयोजक मायाराम शर्मा,पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया एडवोकेट महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दतिया जिले की प्रभारी सरोज जोशी मंचासीन थे।

# मालनपुर फायर पुलिस ने, राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह दिवस पर फायर वाहनों सहित निकाली रैली

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवानसिंह राजावत**

मालनपुर /मालनपुर पुलिस फायर द्वारा प्रतिवर्ष की भाँती इस वर्ष भी दिनांक 14 अप्रैल 2023 से दिनांक 20 अप्रैल 2023 तक राष्टीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। वर्ष 1944 मे 14 अप्रैल के दिन तत्कालीन बॉम्बे पोर्ट के विक्टोरिया डॉक में एसएस फॉट स्टिकिन नामक जहाज मे लगी आग को बुझाते हुए बॉम्बे फायर सर्विस के 66 अग्निशमन कर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे इन शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु व अग्निदुर्घटनाओ के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राष्टीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। प्रभारी निरीक्षक सतीश चतुर्वेदी, सहा0प्रभारी उपनिरी. जगदीश पोसवाल के नेतृत्व में समस्त फायर कर्मियों द्वारा 02 मिनिट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समस्त फायर वाहनो के साथ वाहन रैली निकाली गई जिसकी शुरूआत फायर स्टेशन से होकर मालनपुर मैन चौराहा, एंव विभिन्न औद्योगिक संस्थानो, हरीराम की कुईया होते हुए फायर स्टेशन पर समापन हुआ। इसी तारत्मय में दिनांक 15.04.2023 से 19.04.23 तक विभिन्न औद्योगिक संस्थानो व विद्यालयो व ग्रामीण क्षेत्रो मे जानजागरूकता फैलाने हेतु फायर डेमोस्ट्रेशन दिए जाएगे व पम्फलेट बाटकर व आग की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जावेगी। दिनांक 20.04.2023 को फायर स्टेशन परिसर पर राष्टीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।






# श्री धिरामहाराज प्याऊ श्री श्रीयादे माताजी मंदिर 11 वी वर्षगांठ



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।** श्री प्रजापति समाज धिरामहाराज प्याऊ श्री श्रीयादे माताजी मंदिर आगेवा ( जैतारण ) प्रांगण में 14-04-2023 शुक्रवार सायं भजनों कि प्रस्तुति कर सुबह 15-04-2023 शनिवार को आयोजित 11 वी वर्षगांठ में अध्यक्ष बाबूलाल मेहराणिया, कोषाध्यक्ष सेसाराम हाटवा के सानिध्य में हुए चठावो के लाभार्थी सभी देवताओं के मालाअर्पण एवं पोशाक के लाभार्थी पारसमल पप्पुलाल रांवरीया पाटवा, सभी देवताओं के तिलक आरती एवं भोग प्रसादी बन्शीलाल सिवदानराम लुणिया करमावास मालीयान, मुख्य हवन चम्पालाल मेहराणिया देवरिया, कबुतर चुगा श्यामलाल मुलेरा जुजन्डा, महा प्रसादी चम्पालाल मेहराणिया देवरिया, अमर ध्वजा के लाभार्थी सन्तोष कुमार, छैलाबाबु, महावीर, हाटवा झुठा सभी के चठावा पुजा अर्चना आरती दर्शन कर लाभ लिया सभा में सभी सम्मिलित समाज भाई भंवरलाल थांवलिया, कालूराम भाणां, मोहनलाल थांवलीया, धर्माराम क्लाडिया, सुरेन्द्र मेहराणिया, केशाराम भाणां, मोहनलाल लुणिया, नेमाराम रांवरीया, कालुराम पाटवा,लादुराम ब्रान्दणा, अणदाराम रांवरीया, चम्पालाल बाबरीया, बुटाराम थांवलीया, माणकलाल रांवरीया, धर्माराम भाणां, सन्तोष कुमार हाटवा,इसी के साथ समाज की नयी कार्यकारिणी का गठन हुआ इसमें अध्यक्ष पारसमल रांवरीया पाटवा कोषाध्यक्ष धर्माराम कवाडिया जनासणी को चुना गया।

# एंडोरी सरपंच सचिव को भ्रष्टाचार के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्राम पंचायत एण्डौरी के पंचगण व ग्रामवासियों द्वारा सरपंच व सचिव के विरूद्ध निर्माण कार्यों में की गई अनियमितताओं के विरूद्ध शिकायत की गई थी शिकायत की जांच हेतु दल गठित कर जांच कराई गई, जिसमें जांचदल द्वारा मौका स्थल पर जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रथम दृष्ट्या वित्तीय अनियमितता की गई है, जिसमें आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु राशि आहरण की गई है, लेकिन मौका स्थल पर कार्य होना नहीं पाया गया है तथा कूल निर्माण के कार्यों में भी पूर्व से किये गये कार्यों पर राशि आहरण कर ली गई है व डंग टैंक निर्माण कार्य में भी मजदूरों से कार्य न कराकर मशीनों के द्वारा कार्य होना पाया गया है। ग्राम पंचायत एण्डौरी के निर्माण कार्यों की जांच उपरान्त राशि रुपये 1137945.00 (ग्यारह लाख सैतीस हजार नौ सौ पेतालीस रूपये मात्र) वसूली योग्य होना पाया गया है।जिसपर वसूली योग्य राशि पंचायत खाते में जमा कर पावती रसीद सुनवाई दिनांक को प्रस्तुत करते हुए 19 अप्रेल तक नोटिस का जबाव मांगा है ज़बाब न देने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# मेहगांव पुलिस ने देशी अधिया बंदूक व एक जिंदा राउंड सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे ,श्रीमान एसडीओपी महोदय मेहगांव श्री आरकेएस राठौर के निर्देशन में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज मेहगांव पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर अशोखर तालाब के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर अधिया बंदूक तथा एक जिंदा राउंड बरामद किया।

**इसकी हुई गिरफ्तारी**-आरोपी राघवेंद्र उर्फ बीजू पुत्र रामदास नरवरिया उम्र 19 साल निवासी ग्राम अशोखर थाना मेहगांव जिला भिंड आरोपी गांव में जिन जिन से अदावत चल रही है उनको दिखाना चाहता था रंगदारी आरोपी की गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका थाना प्रभारी मेहगांव निरीक्षक रविंद्र शर्मा सहायक उपनिरीक्षक,अशोक तिवारी, रामप्रसाद शर्मा, राजेंद्र गुर्जर ,रामप्रसाद प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी ,आरक्षक दिनेश मुद्गल, प्रदीप तोमर, मुनेश तोमर प्रधान आरक्षक चालक राजकुमार गौतम सैनिक केदार ।



# खौड में अंबेडकर जयंती पर निकाली रैली

## बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**



खौड गांव सहित आसपास के क्षेत्र में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। वही खौड के ग्राम पंचायत भवन परिसर में बाबासाहेब की प्रतिमा पर ग्रामीणों द्वारा पुष्पहार अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया गया। इस दौरान गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए वाहन रैली निकाली गई। जहां ग्रामीणों द्वारा रैली का गांव के मुख्य चौराहे पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन नरेंद्र परिहार ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एंव जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे।

# शोभा राजपुरोहित (बोया) को मिलेगा राजपुरोहित गौरव अवार्ड

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**



-रानी पाली। फालना के निकट बोया गांव की होनहार ऊर्जावान राजपुरोहित समाज की बेटी शोभा कुंवर राजपुरोहित चाँचौड़ी हाल फालना को समाज का अवार्ड राजपुरोहित गौरव अवार्ड धर्मनगरी तीर्थराज पुष्कर में 23-04- 2023 राजपुरोहित समाज के गणमान्य बंधुओं के हाथों से दिया जाएगा.. जिसमें राज्य भर से समाज की 31 प्रतिभाओं को अवार्ड दिया जाएगा यह सम्मान समाज की उन प्रतिभाओं को दिया जाता है जो किसी भी क्षेत्र विशेष में राजस्थान एवं देश सहित विदेशों में राजपुरोहित समाज का नाम रोशन करते हैं शोभा कंवर राजपुरोहित (बोया) चाँचौड़ी हाल फालना एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय,राज्य , जिला व ब्लॉक स्तर पर संगोष्ठीयों में पत्रवाचन , कहानियाँ कविताएँ,समसामयिकी लेख साथ ही शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में इन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं इसके अलावा अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदो पर अपनी सेवाएँ दे चुकी है।

तेवतिया ने चौका लगाकर गुजरात को जिताया

# आखिरी ओवर में बोल्ड हुए गिल, प्रीति जिंटा और सोनू सूद स्टेडियम पहुंचे

**मोहाली।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में गुरुवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। मोहाली के ढ्ढस् बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। शुभमन गिल आखिरी ओवर में बोल्ड हो गए, जबकि राहुल तेवतिया ने आखिरी मोमेंट पर मैच जिताया। वहीं अरबाज खान और सोनू सूद प्रीति जिंटा के साथ मैच देखने पहुंचे। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे। पंजाब किंग्स के ओपनर प्रभसिमरन सिंह लगातार दूसरे मैच में जीरो पर आउट हो गए। गुजरात के मोहम्मद शमी ने मैच की दूसरी बॉल पर ही उन्हें पवेलियन भेजा। प्रभसिमरन ने शॉर्ट बॉल को फ्लिक करने की कोशिश की, लेकिन राशिद को कैच थमा बैठे। इसके पहले सनराइजर्स के खिलाफ भी प्रभसिमरन मैच की पहली बॉल पर ही आउट हो गए थे। बॉलीवुड स्टार अरबाज खान और सोनू सूद पंजाब किंग्स का मैच देखने मोहाली के ढ्ढ



स्टेडियम पहुंचे। अरबाज अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ दिखे। प्रीति जिंटा भी स्टेडियम में अरबाज और उनकी गर्लफ्रेंड के साथ मौजूद रहीं। गुजरात के रिद्धिमान साहा के रिव्यू ने जितेश शर्मा को पवेलियन भेजा। 13वें ओवर की दूसरी बॉल मोहित शर्मा ने शॉर्ट ऑफ लेंथ फेंकी। जितेश ने बैकफुट पंच किया, लेकिन बॉल मिस कर गए। साहा ने अपील की, लेकिन अंपायर ने बैटर को नॉटआउट करार दिया। साहा ने हार्दिक पंड्या से रिव्यू लेने की मांग की। हार्दिक ने आखिरी सेकंड में रिव्यू लिया, रिप्ले में नजर आया कि बॉल जितेश के बैट को छूते हुए विकेटकीपर के पास गई थी। अंपायर को अपना फैसला बदलना बड़ा और जितेश 25 रन बनाकर आउट हो गए। मैच के आखिरी ओवर की दूसरी बॉल पर सैम करन ने अपनी फास्ट बॉल से सेट बैटर शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड कर दिया। गिल के आउट होने के बाद पंजाब के जीतने की उम्मीदें बढ़ीं। टीम को तब 4 बॉल में 6 रन की जरूरत थी। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने आखिरी मोमेंट में मैच जिताया।

राजस्थान के खिलाफ ग्रीन जर्सी में खेलेगी बेंगलुरु टीम

# पर्यावरण की जागरुकता के लिए साल 2011 से चला रही मुहिम

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (ढ्ढक्क) में 23 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में ऋष्टक्च की टीम ग्रीन जर्सी में मैदान में उतरेगी। ऋष्टक्च फ्रेंचाइजी ने मौजूदा सीजन के लिए अपनी ग्रीन जर्सी जारी कर दी है। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर नई जर्सी की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो



फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर ग्रीन जर्सी की फोटो शेयर की

में पूर्व कप्तान विराट कोहली, मौजूदा कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक दिखाई दे रहे हैं। ऋष्टक्च की टीम ने ग्रीन जर्सी पहनने का चलन साल 2011 में शुरू किया था। इसके बाद हर साल ढ्ढक्क के मैच में टीम हरी जर्सी पहनती है। टीम के इस जर्सी को पहनने का खास मकसद है। ऋष्टक्च की टीम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए खास मुहिम चला रही है। इस जर्सी के जरिए ऋष्टक्च लोगों को संदेश देती है कि आस-पास के पेड़ पौधों का ख्याल रखें। उन्हें काटने से बचाएं। कुल मिलाकर आरसीबी की टीम पर्यावरण को बचाने और ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए ग्रो ग्रीन अभियान को बढ़ावा दे रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने ढ्ढक्क 2023 में अब तक 3 मैच खेले हैं।

सेल्फी विवाद में पृथ्वी शॉ की मुश्किल बढ़ी

# सपना गिल की याचिका पर शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस जारी

**मुंबई।** 16 वें सीजन के बीच पृथ्वी शॉ की मुश्किल बढ़ गई है। उन्हें सेल्फी विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से पृथ्वी शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। हाईकोर्ट ने दो पुलिस अधिकारियों को अपनी ड्यूटी सही से न करने के लिए नोटिस दिया है। दरअसल फरवरी महीने में पृथ्वी शॉ मुंबई में अपने दोस्तों के साथ एक होटल में खाना खाने गए थे। वहां सेल्फी लेने को लेकर शॉ का सपना गिल के साथ विवाद हो गया था। दोनों के बीच हाथापाई का वीडियो भी सामने आया था। शॉ ने आरोप लगाया था कि फोटो खिंचवाने से मना करने पर गिल और उसके साथियों ने





उनके साथ मारपीट की और उनकी कार का शिशा तोड़ दिया था। जिसके बाद पुलिस ने सपना और उनके एक दोस्त के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वहीं सपना गिल ने उन पर की गई स्नढ्ढक्र के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने पृथ्वी शॉ पर छेड़छाड़ और बल्ले से मारपीट के आरोप लगाए। उसी याचिका के आधार पर बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से पृथ्वी शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस भेजा है।

# विश्व ट्रायथलॉन में वापसी करेंगे रूसी, बेलारूसी एथलीट

**मैड्रिड।** विश्व ट्रायथलॉन ने रूसी और बेलारूसी एथलीटों पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दिशानिर्देश का समर्थन करते हुए कहा है कि दोनों देशों के खिलाड़ी तटस्थ रूप से उसके आयोजनों में हिस्सा ले सकेंगे। विश्व शासी निकाय ने कहा कि वह दोनों देशों के एथलीटों को अपनी प्रतियोगिताओं में लाने के लिये समीक्षा प्रक्रिया पर काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आईओसी ने पिछले हफ्ते रूस और बेलारूस के एथलीटों को तटस्थ ध्वज के नीचे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लौटाने की सिफारिश जारी की थी। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद आईओसी एवं अन्य खेल निकायों ने दोनों देशों के एथलीटों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। विश्व ट्रायथलॉन ने एक बयान में कहा, आईओसी की सिफारिश और ओलंपिक चार्टर के सिद्धांतों के बाद मार्च 2022 की शुरुआत में विश्व ट्रायथलॉन आयोजनों में भाग लेने वाले सभी एथलीटों की सुरक्षा की गारंटी के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। बयान में कहा गया, आज का निर्णय रूसी और बेलारूसी पासपोर्ट रखने वाले तटस्थ खिलाडियों के साथ-साथ दोनों देशों के अधिकारियों को खेलों में प्रवेश करवाने की खातिर लिया गया था। टेबल टेनिस, तैराकी, तलवारबाजी, जूडो और तायक्वांडो के विश्व निकाय पहले ही रूसी और बेलारूसी खिलाडियों को तटस्थ ध्वज के नीचे अपने आयोजनों में शामिल करने के लिये राज़ी हो गये हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ ने प्रतिबंध को बरकरार रखा है। निकाय ने कहा, विश्व ट्रायथलॉन आईओसी और एसोसिएशन ऑफ़ समर ओलंपिक इंटरनेशनल फ़ेडरेशन के साथ काम कर रहा है ताकि किसी भी एथलीट या किसी आयोजन में भाग लेने की खातिर दोनों देशों के अधिकारियों के लिये आवश्यक स्वतंत्र समीक्षा प्रक्रिया तैयार की जा सके।

संदीप शर्मा की बेटी और पत्नी का क्यूट वीडियो वायरल

# चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पापा के आखिरी ओवर को एन्जॉय करती दिखी

चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य) और राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मैच में जीत दिलाने वाले संदीप शर्मा की 10 महीने की बेटी ने भी उनके आखिरी ओवर को एन्जॉय किया। संदीप शर्मा की पत्नी और बेटी का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि उनकी बेटी अपनी मां की गोद में बैठकर टीवी पर मैच देख रही है। टीवी पर अपने पिता को देखकर संदीप शर्मा की बेटी मुस्कुरा रही है। संदीप शर्मा ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर रेड हार्ट इमोजी के साथ वीडियो को रीट्वीट किया है। संदीप शर्मा का ओवर आखिरी ओवर में ष्टस्य को 21 रन चाहिए थे। राजस्थान के संदीप शर्मा ने शुरुआत में 2 वाइड फेंकीं। अगली




गेंद डॉट कराई, लेकिन फिर 2 लगातार छक्के लग गए। आखिरी 3 गेंदों पर 7 रन की जरूरत थी, यहां संदीप ने लगातार 3 यॉर्कर फेंक कर 3 ही रन दिए। एमएस धोनी-रवींद्र जडेजा की विस्फोटक पारियों के बाद भी चेन्नई को इंडियन प्रीमियर लीग-16 में हार झेलनी पड़ी। उसे राजस्थान ने 3 रन से हराया। ष्टस्य को आखिरी ओवर में 21 रन की जरूरत थी। इस ओवर में संदीप शर्मा ने धोनी और जडेजा के सामने 17 रन ही खर्च किए। धोनी-जडेजा ने आखिरी 12 बॉल में 4 छक्के और एक चौका जमाए, लेकिन टीम को जिता नहीं सके।

# पांच मई से दोहा में डायमंड लीग खिताब का बचाव करेंगे नीरज

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट और गत डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा पांच मई से डायमंड लीग सीरीज की दोहा मीट में अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे। टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज के अलावा ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और चेक गणराज्य के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब वाडलेज भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज ने विश्व एथलेटिक्स से कहा, इस गर्मी के लिये मेरा लक्ष्य एशियाई खेलों के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप और मेरे वांडा डायमंड लीग खिताब की रक्षा करना है। मैं 90 मीटर के निशान के करीब भी पहुंच रहा हूं, इसलिए मेरे लिये उस निशान को पार करना बहुत मायने रखता है। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने 2022 में डायमंड लीग चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया था, हालांकि वह दोहा मीट में हिस्सा नहीं ले सके थे। आगामी कार्यक्रम एथलेटिक्स प्रशंसकों के लिये रोमांचक होगा क्योंकि पिछले दोहा आयोजन के विजेता पीटर्स (93.07 मीटर) और वाडलेज (90.88 मीटर) ने अपना-अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पिछले साल इसी आयोजन में दिया था। शीर्ष तीन एथलीटों से सजे आयोजन को और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिये यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, केशोर्न वालकोट और जूलियस येगो भी दोहा मीट में हिस्सा लेंगे।




परिवार सीरिया से जर्मनी शिफ्ट हुआ

# हुसैन ने चेस में अंडर-10 चैंपियनशिप जीती: जर्मनी नेशनल टीम के सबसे युवा खिलाड़ी

**जर्मनी।** 11 साल के हुसैन बेसौ जर्मनी की नेशनल चेस टीम के खिलाड़ी हैं। वे नेशनल टीम के सबसे युवा सदस्य हैं, जो जर्मनी का क्रोएशिया में होने वाले मित्रोपा कप में प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि, हुसैन जर्मन मूल के नहीं हैं। वे चार साल की उम्र में जर्मनी में शरणार्थी के रूप में आए थे। उनके परिवार को 2016 में सीरिया छोड़ना पड़ा था। हुसैन का परिवार पश्चिम जर्मनी के लिपस्टाट शहर में बस गया। ये बहुत छोटा शहर है। हुसैन के पिता मुस्तफा बेसौ शहर में बसते ही सबसे पहले चार साल के हुसैन के लिए चेस



क्लब तलाशने लगे और वहां उनका दाखिला करवाया। क्लब के ट्रेनर ने जल्द ही हुसैन की काबिलियत को पहचान लिया। हालांकि, चार साल के हुसैन के लिए चेस खेलना उतना मुश्किल नहीं था, जितना जर्मन भाषा बोलना। भाषा न आने की वजह से उन्हें कई अन्य परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। भाषा की वजह से उन्हें क्लब में सिखाया हुआ कुछ समझ नहीं आता था, लेकिन टैलेंट की वजह से 6 साल की उम्र में उन्हें स्टेट लेवल के क्लब में भेजा गया। हुसैन के चेस टीचर एंड्रियास कुहलर बताते हैं कि हुसैन अपने खेल के प्रति बहुत गंभीर और जुझारू हैं।

## नोएडा ने स्टेट बैंक को फुटबॉल का पाठ पढ़ाया

**नयी दिल्ली।** नोएडी सिटी एफसी ने फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग में एकतरफा मुकाबले में स्टेट बैंक को 14 गोलों से रौंद डाला। विजेता टीम के पीयूष भंडारी को श्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच अनुज रावत के शानदार खेल से उत्तरांचल हीरोज ने ग्रोइंग स्टार को 5-0 से परास्त किया। अंबेडकर स्टेडियम पर कोलंबस यंगस्टर्स ने वॉरियर्स एफसी पर 3-1 की जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में गढ़वाल एफसीडब्ल्यू ने ग्लोरियस को 3-0 से हराया। कोलंबस की जीत के हीरो दीपक चौधरी रहे, जिन्होंने दर्शनीय हैट्रिक जमाई। पराजित टीम का गोल अमित ने किया। गढ़वाल के लिये रोहित रावत ने दो गोल बनाये।

00

# गेंदबाजों की चोट को लेकर चिंतित फ्लेमिंग

**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बीती रात मिली तीन रन की रोमांचक हार के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित उनकी टीम में चोटिल खिलाडियों की बढ़ती पर चिंता जताई है। धोनी जहां सीजन की शुरुआत के पहले से ही घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं सुपर किंग्स से इसी साल जुड़े दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज सिसांदा मगाला की दो उंगलियों के बीच का मांस राजस्थान के खिलाफ फील्डिंग करते हुए फट गया है। फ्लेमिंग ने हालांकि धोनी को पहले से तैयारी करने और खुद को मैच फिट रखने के लिये उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की क्योंकि धोनी आईपीएल के अलावा किसी और टूर्नामेंट में शामिल नहीं होते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, वह (धोनी) घुटने की चोट से जूझ रहे हैं जिसे आप फील्ड पर उनके प्रदर्शन में भी देख सकते हैं। वह फिटनेस के मामले में शुरू से ही पेशेवर रहे हैं। वह मैच फॉर्म में वापसी के लिये काफी मेहनत करते हैं और मुझे लगता है कि उनके प्रदर्शन से आपको भी लगता होगा कि वह काफी अच्छा खेल रहे हैं। वह हमेशा खुद को तेज और आगे रखते है। चेन्नई ने 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर में सिर्फ 122 रन बनाये थे, लेकिन धोनी और रवींद्र जडेजा ने आखिरी तीन ओवरों में जोरदार संघर्ष किया। चेन्नई को जब पांच गेंद में 21 रन बनाने थे, तब धोनी ने दो गेंद पर दो छक्के जड़े लेकिन संदीप शर्मा ने अंतिम तीन गेंदों पर तीन यॉर्कर डालकर राजस्थान को तीन रन की जीत दिला दी। चेन्नई को 2013 (मुंबई इंडियंस) के बाद पहली बार चेपौक पर हार मिली।

आई पी एल मैं आज केकेआर बनाम एसआरएच

# जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगी कोलकाता नाइट राइडर्स

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में आज कोलकाता नाइट राइडर्स (च्यक्र) और सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र॥) के बीच लीग स्टेज का मुकाबला खेला जाएगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7-30 बजे से मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों ने लीग में अब तक 3-3 मैच खेले हैं। कोलकाता को दो में जीत, एक में हार और हैदराबाद को एक में जीत और दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इस सीजन के अपने पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद च्यक्र ने शानदार वापसी की। दूसरे मैच में टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (ऋष्टक्च) के खिलाफ जीत हासिल की। वहीं इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस (त्नञ्ज) के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर 5 छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इस तरह से च्यक्र की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं। शार्दूल ठाकुर, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल और रहमानुल्लाह गुरबाज टीम के टॉप प्लेयर्स हैं। हैदराबाद के खिलाफ टीम के 4 विदेशी रसेल, लॉकी फर्ग्युसन, गुरबाज और नरेन हो सकते हैं। हैदराबाद पहले दो मैचों में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। टीम को पहले मुकाबले में राजस्थान ने और दूसरे मैच में लखनऊ ने हराया था।




हैदराबाद ने फिर पिछले मैच में राहुल त्रिपाठी की नाबाद 74 रन की पारी के दम पर पंजाब को आठ विकेट से हराया था। इस जीत के बाद उत्साह से ओतप्रोत हैदराबाद की टीम च्यक्र को कड़ी टक्कर देने के लिए मैदान पर उतरेगी। हैदराबाद के पास ऐडन मार्कराम, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल और राहुल त्रिपाठी जैसे टॉप क्लास खिलाड़ी हैं। हैदराबाद के खिलाफ टीम के 4 विदेशी मार्करम, ब्रूक, हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन हो सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो और सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार खिताब जीता है। दोनों टीमें 23 बार आमने-सामने हुई हैं। जिनमें कोलकाता को 15 और हैदराबाद को 8 बार जीत मिली। ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच तेज मानी जाती है। इस पिच पर स्पिनर्स का मदद मिलती है। सुनील नरेन जैसे गेंदबाज यहां बहुत ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। टिक कर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी यहां आसानी से बड़ा स्कोर कर सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स- नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), नारायण जगदीशन, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, शार्दूल ठाकुर, सुनील नरेन, लॉकी फर्ग्युसन, सुयश शर्मा, उमेश यादव और वरुण चक्रवर्ती। इम्पैक्ट प्लेयर- मनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वैभव अरोरा, वेंकटेश अय्यर। सनराइजर्स हैदराबाद- ऐडन मार्करम (कप्तान), मयंक अग्रवाल, हैरी ब्रूक, राहुल त्रिपाठी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मार्को यानसेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक और थंगारसु नटराजन।

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत

**मोहाली।** गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल (49 गेंद, 67 रन) के शानदार अर्द्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से मात दी। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के सामने 154 रन का लक्ष्य रखा, जिसे गत चैंपियन ने एक गेंद रहते हुए हासिल किया। मोहाली में इस छोटे स्कोर का रक्षण आसान नहीं था लेकिन पंजाब के गेंदबाजों ने अपने दमदार प्रदर्शन से मुकाबले को रोमांचक बनाया। गुजरात को जब आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी तब सैम करेन ने पहली गेंद पर सिर्फ एक रन देने के बाद दूसरी गेंद पर गिल को बोल्ड कर दिया। राहुल तेवतिया और डेविड मिलर तीसरी एवं चौथी गेंद पर एक-एक रन ही ले सके, लेकिन तेवतिया ने अविश्वसनीय धीरज का प्रदर्शन किया और पांचवीं गेंद को फाइन लेग की ओर स्कूप करके गुजरात को जीत दिलाई। गुजरात चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि पंजाब चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। गुजरात के लिये पारी की शुरुआत करने उतरे ऋद्धिमान साहा ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए तीसरे ओवर में पंजाब के शीर्ष गेंदबाज अर्शदीप सिंह के विरुद्ध 18 रन जोड़े।

# मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी की फिल्म बैड बॉय का ट्रेलर जारी, 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी मौजूदा वक्त में बैड बॉय को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक इस फिल्म के लिए उत्साहित हो गए हैं। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके परिवार में सख्त पारंपरिक मूल्य हैं। ट्रेलर की शुरूआत ही एक जबरदस्त सॉन्ग के साथ होती है। इसके बाद प्यार में पड़े दो लव बर्ड्स के साथ रहने के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। मेरा किरदार रघु, जो एक बेपरवाह बिंदास का किस्म का लड़का है। जिससे मैं पर्सनली बेहद कनेक्टेड फील




करता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में खूब मेहनत की है। अमरीन ने कहा, न्यूकमर के रूप में, बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म का हिस्सा होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी सोचा नहीं था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं हमारी फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी का बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म पर उसी तरह अपार प्यार और सराहना बरसाएंगे जैसे उन्होंने हमारे सभी गानों पर की है।बैड बॉय की कहानी आपको अंत तक अपनी सीट से बांधे रखेगी, फिल्म आपको गुदगुदाने के साथ-साथ आपके दिल को भी छू लेगी।फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। इसमें वह अभिनेत्री अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और दिलचस्प लग रहा है। हालांकि, यह कहानी आपको भावुक भी करेगी। नमाशी की अदाकारी ने हर शख्स का दिल जीत लिया है।



# कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग कर रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आईं। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं।केजीएफ चैप्टर 1 और 2 के बाद, संजय दत्त एक्शन हीरो ध्रुव सरजा की कन्नड़ फिल्म केडी में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।केडी प्रेम द्वारा निर्देशित है और केवीएन बैनर के तहत निर्मित है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी फिल्म में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

# डीनो डेनिस की एक्शन एंटरटेनर बाजूका में नजर आएंगे ममूटी

सुपरस्टार ममूटी निर्देशक डीनो डेनिस की मलयालम एक्शन एंटरटेनर फिल्म बाजूका में नजर आएंगे, जिसमें गौतम मेनन और गायत्री अय्यर भी हैं। मम्मूटी ने कहा- मैं इस बहुत ही रोमांचक कहानी पर डीनो के साथ काम कर वास्तव में खुश हूं। युवा पेशेवरों के साथ काम करना हमेशा उत्साहजनक होता है, जो सिनेमा और दुनिया को नई आंखों से देखते हैं। वह जोखिम लेने को हमेशा तैयार हैं और ऐसी कहानियां बताना चाहते हैं जो पहले कभी नहीं बताई गई। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हम सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी और दर्शकों को भी रोमांचित करेगी। अनुभवी स्क्रिप्ट राइटर कलूर डेनिस के बेटे व डायरेक्टर डीनो डेनिस ने कहा- मेरी पहली फिल्म में ममूटी सर के जैसा स्टार होना एक सपने के सच होने जैसा है और उनके साथ काम करना जीवन भर का अनुभव है। सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म स्टूडियो यूडली फिल्म्स ने यह घोषणा की। सारेगामा इंडिया लिमिटेड में फिल्म्स एंड इवेंट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ आनंद ने कहा- बाजूका एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है क्योंकि इसमें ममूटी सर जैसे लेजेंड को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है जो उनके प्रशंसकों को पूरी तरह से हैरान कर देगा। को-प्रोड्यूसर जिनू वी. अब्राहम ने कहा- इस फिल्म का निर्माण एक ऐसी यात्रा होने जा रही है जो बिल्कुल अलग है और हमें यकीन है कि दर्शक इस अविश्वसनीय कहानी को देखेंगे।

# किक-बॉक्सिंग ने मुझे हंटर में एक्शन सीक्वेंस करने में की मदद : ईशा देओल



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने वेब सीरीज हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा में दिव्या के किरदार को निभाते हुए अपना बेस्ट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।उन्होंने शो की शूटिंग के हर पल का आनंद लिया और कुछ यादें साझा कीं, जो उनके लिए रोमांचकारी और यादगार हैं।एक्ट्रेस ने कहा- मैंने किक-बॉक्सिंग की काफी प्रैक्टिस की, जिससे मुझे एक्शन सीन को करने में काफी मदद मिली। इसके अलावा, मैंने अपने एक्शन सीन के आउटपुट को बढ़ाने के लिए नॉन-कॉम्बैट एक्शन ट्रेनिंग शुरु की। इसके अलावा, लुक में भी बदलाव किया गया, क्योंकि जिसका मैं किरदार निभा रही हूं, वह एक आम लड़की नहीं है, वह एक मिशन पर है, इसलिए लुक बेहद जरुरी हैं।ईशा, जिन्होंने कोई मेरे दिल से पूछे से अभिनय की शुरूआत की, और बाद में धूम, काल, दस और नो एंट्री में काम किया, ने सेट के कुछ पल साझा किए। उन्होंने कहा- हमने धोबी घाट में शूटिंग की, एक ऐसी जगह जहां मैं आमतौर पर नहीं जाती, इसलिए छत पर चलना और वहां से मुंबई को देखना रोमांचक था। मेरे लिए हंटर के सेट पर हर दिन अद्भुत रहा। एनर्जी भरपूर थी, और हर कोई एक्टिव था।इस शो में एसीपी विक्रम सिन्हा के रूप में सुनील शेट्टी, दिव्या (फीलांस जर्नलिस्ट) के रूप में ईशा देओल, पुलिस एसएचओ हुड्डा के रूप में राहुल देव, बरखा बिष्ट, करणवीर शर्मा, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत, स्मिता जयकर और पवन चोपड़ा के साथ हैं।

### केजीएफ 3 - फिर आ रहे हैं रॉकी भाई..

# यश के फैंस ने ऐलान होते ही हिला डाला सोशल मीडिया, धमाकेदार रिएक्शन्स!

कन्नड़ इंडस्ट्री एक फिल्म से अलग लेवल पर पहुंच गई है और इस फिल्म ने यश को पूरी दुनिया में एक अलग पहचान दिलाई है। केजीएफ और केजीएफ चैप्टर 2 ने रिलीज होकर धंमाका कर दिया था और इसको काफी पसंद किया गया था। लेकिन अब जो खबर आ रही है वो काफी हिला डालेगी क्योंकि रॉकी भाई फिर से वापस आएंगे! हां, आपने उसे सही पढ़ा है। चलस्न- चैप्टर 2 की पहली एनिवर्सिरी पर मेकर्स केजीएफ के चैप्टर 3 का ऐलान कर दिया है। जी हां, इसको लेकर एक धमाकेदार टीजर रिलीज किया गया है जो कि कमाल का लग रहा है। होम्बले फिल्म्स ने ट्वीट किया, ÷सबसे शक्तिशाली व्यक्ति द्वारा निभाया गया सबसे शक्तिशाली वादा। सलमान खान को सच में डेट कर रही हैं पूजा? खुद एक्ट्रेस ने खोल डाला सबसे बड़ा राज !क्कभ्भद्धड्ड ॥द्दद्स्त्रद्द- सलमान खान को सच में डेट कर रही हैं पूजा? खुद एक्ट्रेस ने खोल डाला सबसे बड़ा राज। होम्बले फिल्म्स ने ट्विटर पर साझा किया, ÷केजीएफ 2 हमें अविस्मरणीय चरित्रों और एक्शन के साथ एक महाकाव्य यात्रा पर ले गया। सिनेमा का एक वैश्विक उत्सव, रिकॉर्ड तोड़ना और दिल जीतना। यहां कहानी कहने का एक और साल है!÷ जी हां, फैंस की बात करें तो यश के फैं लगातार ट्वीट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, %आ रहे हैं रॉकी भाई।% जबकि एक का कहना था कि, %भारतीय सिनेमा का सबसे शानदार क्लाईमैक्स।% एक ने लिखा, %केजीएफ 3 आ रही है, अपनी कुर्सी की पेटी बांध लो। एक का कहना था कि, इस बार केजीएफ 3 कौन बताएगा, रोंगटे खड़े हो गए।

# शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी का टीजर जारी, 9 जून को जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर



बॉलीवुड के कबीर सिंह' शाहिद कपूर साल 2023 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. एक्टर की कई बैक टू बैट फिल्में आने वाली हैं. फिलहाल एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. बीते दिन फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज किया गया था जिसमें शाहिद का इंटेंस लुक काफी इम्प्रेसिव था. वहीं आज फिल्म का धमाकेदार टीजर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.फिल्म का टीजर अपने नाम की तरह ही खून से लथपथ है. टीचर की शुरुआत शाहिद से होती है इसके फौरन बाद उनके हाथ में चाकू नजर आता है और फिर शाहिद एक के बाद एक लोगों को मारते नजर आते हैं. फिल्म का टीजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद एक बार फिर अपने खतरनाक वहीं टीजर को जारी करते हुए शाहिद ने कैप्शन में रिलीज डेट भी अनाउंट की है. कैप्शन में लिखा है, फिल्मों में एक ब्लडी गुड टाइम के लिए रेडी हो जाइए. ब्लडी डैडी 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर. यानी ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर डायरेक्ट रिलीज होगी.वहीं बीते दिन शाहिद ने ब्लडी डैडी का पोस्टर कर फिल्म में अपना फर्स्ट लुक रिवील किया था. पोस्चर में शाहिद एंग्री अवतार में नजर आ रहे हैं. उनकी नाक पर चोट का निशान, आंखों में गुस्सा और शर्ट के कॉलर पर खून लगा नजर आ रहा है. शाहिद के इस इंटेंस लुक को देखन के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं.शाहिद कपूर के ब्लडी डैडी में इंटेंस लुक ने फैंस के रौंगटे खड़े कर दिए हैं. फिल्म में रोनित रॉय, संजय कपूर, डायना पेंटी और विवान भतेना भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे. बता दें कि ब्लडी डैडी साल 2011 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म नट ब्लैंच का ऑफिशियल अडॉप्शन है।



# सिल्वर कट आउटफिट में दिशा पाटनी ने दिखाया हुस्न का जलवा

### फोटो देखकर फैंस ने भरी आहें

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी अदाओं से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस को इंप्रेस करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। कट आउट शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी गजब की बला लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का टेम्प्रेचर हाई कर रखा है, उनकी तस्वीरें फैंस को बेताब कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही फिल्मों में कम धमाल कर रही हों लेकिन, सोशल मीडिया पर वो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बिकिनी लुक्स अक्सर शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें पल भर में सोशल मीडिया की सुर्खियां बन जाती हैं। दिशा का बोल्ड स्टाईल चाहे वो साड़ी में हो या फिर बिकनी में सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1993 को देहरादून में हुआ था। साथ ही दिशा पाटनी ने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू साल 2015 में आई फिल्म लोफर से किया था। बॉलीवुड में दिशा को पहचान फिल्म एमएस धोनी- अनटोल्ड स्टोरी से मिली। इसके बाद दिशा टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 2 में और सलमान खान के साथ मूवी भारत में नजर आई हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

# स्नेहल राय ने दो महीने में कम किया 15 किलो वजन



इश्क का रंग सफेद, इच्छाप्यारी नागिन, विश और कई अन्य टीवी शो का हिस्सा रह चुकीं स्नेहल राय ने दो महीनों में 15 किलो वजन कम करने के बारे में बात की और फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टिप्स शेयर किए। स्नेहल ने कहा- मैं अपने शरीर को अपना मंदिर मानती हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि अधिक खाना एक लत है जो धूम्रपान या शराब के सेवन जितना ही खतरनाक हो सकता है।वह इस बात पर जोर देती हैं कि इन अस्वास्थ्यकर आदतों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, और इसलिए, हम क्या खाते हैं, इस पर ध्यान देना जरूरी है।उन्होंने कहा कि उनके लिए खूबसूरत होने का मतलब है फिट और स्वस्थ रहना, भले ही उनका वजन कुछ भी हो।मेरा मानना है कि अपने शरीर की देखभाल करना पूजा का एक रूप है, और मुझे अपने शरीर के हर इंच पर गर्व है। मेरे स्वास्थ्य और फिटनेस को बनाए रखने की मेरी प्रतिबद्धता एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने के लिए मेरे समर्पण को दर्शाती है।एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी भी अपने शरीर के वजन या दिखने की आलोचना को नकारात्मक तरीके से नहीं लेती हैं, बल्कि वह इसे फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरणा के रूप में लेती हैं।उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कड़ी मेहनत करने और अपने आलोचकों को गलत साबित करने के लिए प्रेरणा के रूप में ताने और नकारात्मक टिप्पणियों का उपयोग करना सीखा है। मेरे दृढ़ निश्चय और आत्म-विश्वास ने मुझे चुनौतियों से उबरने और 2 महीने में 15 किलोग्राम वजन कम करने के अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद की है और इस यात्रा में मेरा मार्गदर्शन करने के लिए मैं अपने ट्रेनर राज सर की बहुत आभारी हूं।

# अलाया एफ की यू-टर्न का ट्रेलर रिलीज, 28 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देगी दस्तक

अलाया एफ ने बहुत कम वक्त में इंडस्ट्री में अपने पैर जमा लिए हैं। इन दिनों उनकी कई फिल्में पाइपलाइन में है, जिसमें से एक यू-टर्न है। अब निर्माताओं ने यू-टर्न का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें अलाया एकदम अलग अंदाज में दिखाई दे रही हैं। यू-टर्न का प्रीमियर 28 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर किया जाएगा। यह फिल्म आरिफ खान द्वारा निर्देशित है, जबकि इसका निर्माण एकता कपूर ने किया है। यू-टर्न में अलाया के अलावा प्रियांशु पेनयुली भू मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। यह कन्नड़ फिल्म यू-टर्न का हिंदी रीमेक है, जिसमें श्रद्धा श्रीनाथ ने अहम भूमिका निभाई




थीं। यह फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म यू-टर्न की कहानी एक फ्लाईओवर पर ट्रैफिक नियम तोडने वाले बाइक सवारों की मौत के इर्द-गिर्द घूमती है। इससे पहले ये फिल्म साल 2017 में मलयालम भाषा में भी बनाई जा चुकी है। बताते चलें कि अलाया एफ की फिल्म ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत फरवरी महीने में रिलीज हुई थी, जिसका डायरेक्शन अनुराग कश्यप ने किया था. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई. इससे पहले अलाया एफ जवानी जानेमन और फेडी जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं।

# वैज्ञानिक स्वभाव आगे बढ़ने के लिए बहुत जरूरी है: कलेक्टर

## केन्द्रीय विद्यालय में 50 वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2022-2023 एवं 'तकनीकी एवं खिलौने' विषय वस्तु पर आधारित पचासवीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2022-2023 का संकुल स्तर पर आयोजन

दमोह/ जब बच्चे छोटे होते हैं तो बहुत ही प्यारा प्रश्न पूछते हैं क्यों और कैसे, आप सबसे पहले क्या करते हैं कि कैसे हुआ और क्यों हुआ लेकिन अपना जो शिक्षा का सिस्टम है हम पढ़ने जाते हैं या कहीं जाते हैं तो समाज होता है, जो कहता है



कि आपको ऐसा ही करना चाहिए, ऐसा करना अच्छी बात है, तो हम कई बार ऐसा करते-करते कैसे और क्यों पूछना भूल जाते हैं। यही एक बेसिक वैज्ञानिक स्वभाव है। यह बात आज कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने केन्द्रीय विद्यालय में 50 वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2022-2023 एवं 'तकनीकी एवं खिलौने' विषय वस्तु पर आधारित पचासवीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2022-2023 का संकुल स्तर पर आयोजन के दौरान कही। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष कलेक्टर दमोह मयंक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह मौजूद थे।

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा वैज्ञानिक स्वभाव आगे बढ़ने के लिए इसलिए बहुत जरूरी है कि जब आप नये प्रोजेक्ट करते हैं तब आप पूछते हैं कैसे और क्यों हुआ, यह तो सही बात है की लाइट स्ट्रेट लाइन में ट्रेवल करती है सभी को पता है, लेकिन कैसे और क्यों, जब आप हाथ लगाते हैं तो परछाई आ जाती है। पहले भी इतने सारे साइंटिस्ट हुए हैं किसी की भी स्कूल की कोई एजुकेशन नहीं हुई थी। आपने बहुत बड़े-बड़े वैज्ञानिको के नाम सुने होंगे लेकिन उनको कभी यह सब स्कूल में तो पढ़ाया नही गया। हम आज बहुत सौभाग्यशाली है कि यह सारी एजुकेशन आप लोगों को पढ़ा दी जाती है लेकिन आप उन लोगों के समय में देखिए उन्होंने केवल अवलोकन किया कि यह तारा बार-बार चमक रहा है, जब यह यहां से गिरता है तो इसमें इतना समय लगता है तो यह जो अवलोकन की ताकत है और यह प्रयोग हम भूलते जा रहे हैं। हमारे लिये किताब इसलिए लिखी गई थी कि जो चीजें हो चुकी हैं उनको फिर से न करनी पड़े, जो चीज हम समझ चुके हैं उसको बार-बार ना निकालना पड़े, इसको और आगे से चालू करें। लेकिन उसके होते-होते यह हुआ कि हम कैसे और क्यों पूछना ही भूल गए हैं। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा अभी आपके प्रोजेक्ट देखे जाएंगे, जब आप यह पूछना चालू करेंगे कि कैसे हो रहा है और क्यों हो रहा है इसका जवाब ढूंढने के लिए जब आप सोचेंगे तब अपने से सुझाव निकलेगा। हो सकता है वह सुझाव काम करे या यह हो सकता सुझाव काम नहीं करे लेकिन यदि सुझाव काम नहीं करता तो वह नयी खोज हो जाएगी और सुझाव काम करता हो तो आपके समझ में आ जाएगा। उन्होंने कहा चाहे आप किसी भी ब्रांच के हो, आगे कोई भी पैशन परसीव करना चाहते हैं, उसमे कैसे और क्यों कहना ना छोड़े, हो सकता है लोग आपको थोड़ा डांट दे या टीचर्स और पेरेंट्स भी आपको डांट दे या आपको मना करें लेकिन आप यदि पूछते रहेंगे तो मुझे लगता है कि आप लोग आगे बढ़ते रहेंगे। यही साइंस है और साइंस कुछ नहीं है। प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह ने कहा विद्यालय दमोह को इस बार एक अवसर मिला है की क्लस्टर लेवल पर जवाहरलाल नेहरू नेशनल साइंस मैथमेटिक्स एण्ड एनवायरमेंटल एग्जीबिशन साथ ही साथ राष्ट्रीय विज्ञान बाल वैज्ञानिक एग्जीबिशन जो 50वीं है इनका क्लस्टर लेवल पर आयोजन करवाया गया है। इसके तहत 8 स्कूलों के 56 बच्चे पार्टिसिपेट कर रहे हैं। जैसा आप सभी को मालूम है आज के युवाओं में ढेर सारा जोश है, उनके अंदर ढेर सारे रचनात्मक आईडियाज होते हैं और उन आइडिया को मूर्त रूप हम प्रोजेक्ट के माध्यम से दे सकते हैं और यही प्रोजेक्ट आगे जाकर स्टार्टअप का रूप ले लेते हैं। केन्द्रीय विद्यालय दमोह में 50 वीं जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय गणित, विज्ञानं एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2022-2023 एवं 'तकनीकी एवं खिलौने' विषय वस्तु पर आधारित पचासवीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2022-2023 का संकुल स्तर पर आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय विद्यालय संगठन के जबलपुर संभाग के सागर संकुल के चार शहरों सागर, ढद्बना, छतरपुर, हटा और दमोह के आठ केन्द्रीय विद्यालयों के 71 विद्यार्थीयों ने आठ उप विषयों 'सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में उन्नति, 'पर्यावरण अनुकूल सामग्री', 'स्वास्थ्य और स्वच्छता', 'परिवहन और नवाचार', 'पर्यावरण सम्बन्धी चिंताएं', 'वर्तमान नवाचार के साथ ऐतिहासिक विकास', 'हमारे लिए गणित', पर आधारित चलित, स्थिर, तात्कालिक एवं नवाचार प्रादर्श बनाए। बाल वैज्ञानिकों ने अपने शिक्षकों के



निर्देशन में चोरी-रोधी अलार्म सिस्टम, बेट प्रोजेक्टर, रोबोट, धुआं अवशोषित करने वाला यंत्र, प्लास्टिक के विकल्प, हरित प्लास्टिक, खाने योग्य मोटे अनाज से बने कटोरे, वैदिक प्लास्टर, पर्यावरण अनुकूल घर, वर्षा चलित वाइपर हेलमेट, यू-टर्न दुर्घटना रोधी प्रादर्श, ई-गाडियों को चार्ज करने हेतु तार-रहित स्टेशन, कोहरे के समय रेलगाड़ी में लगाने हेतु सुरक्षा यंत्र, परिवहन हेतु जल-उर्जा का उपयोग, स्मार्ट डस्टबिन, दूषित जल उपचार संयंत्र और पानी के स्त्रोतों को साफ करने हेतु रोबोट, स्वस्थ रहने के तरीके प्रदर्शित करता हुआ यन्त्र, भूकंप-सूचक यन्त्र, विज्ञान-आधारित खिलौने, सौर और वायु-उर्जा का स्मार्ट उपयोग करने वाले यन्त्र, तेल एकत्रित करने वाला जहा, सिचाई संयंत्र, स्मार्ट शहर और गाँव, दीर्घवृत का उपयोग चिकित्सीय क्षेत्र में हमारे दैनिक जीवन में गणित की भूमिका से सम्बंधित प्रादर्श बनाए।

# एलिम्को जबलपुर के माध्यम से दिव्यांगजनों की सेचुरेशन हेतु मूल्यांकन/परीक्षण शिविर का आयोजन 17 अप्रैल से

दमोह/ राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिला अंतर्गत असेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिले के अंतर्गत समस्त जनपद/नगरीय निकायों में एलिम्को जबलपुर के माध्यम से दिव्यांगजनों की सेचुरेशन हेतु मूल्यांकन/परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एलिम्को जबलपुर के विशेषज्ञ दल द्वारा निर्धारित तिथियों पर संबंधित निकाय में उपस्थित होकर दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उपकरण हेतु चिन्हित करने की कार्रवाई की जाएगी। जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा एवं नगर परिषद तेंदूखेड़ा में शिविर 17 अप्रैल को जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा मुख्यालय में, जनपद पंचायत जबेरा में शिविर 18 अप्रैल को जनपद पंचायत जबेरा मुख्यालय में, जनपद पंचायत पथरिया, नगर परिषद पथरिया एवं जनपद पंचायत बटियागढ़ में शिविर 19 अप्रैल को जनपद पंचायत पथरिया मुख्यालय में, जनपद पंचायत हटा, नगर पालिका हटा, जनपद पंचायत पटेरा एवं नगर परिषद पटेरा में शिविर 20 अप्रैल को जनपद पंचायत हटा मुख्यालय में तथा जनपद पंचायत दमोह, नगर पालिका दमोह एवं नगर परिषद हिंडोरिया में शिविर 21 अप्रैल 2023 को जनपद पंचायत दमोह मुख्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका/नगर परिषद जिला दमोह से कहा है कि अपनी निकाय अंतर्गत दिव्यांगजनों की सेचुरेशन हेतु मूल्यांकन/परीक्षण शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी. (स्पर्श पोर्टल पर समग्र आई.डी. सत्यापित हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये), आधार कार्ड, बी.पी.एल. पर्ची, आय प्रमाण पत्र तथा दो फोटो के साथ दिव्यांगजनों को उपस्थित होने हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार करायें ताकि समस्त पात्र दिव्यांग अपनी पात्रता अनुसार लाभान्वित हो सके। मूल्यांकन/परीक्षण शिविर में शासन द्वारा निर्धारित नियम/निर्देशानुसार उन्हीं दिव्यांगजनों को उपस्थित होना है, जिनको उपकरण प्राप्त हुए 3 वर्ष या उससे अधिक का समय हो गया है। मूल्यांकन/परीक्षण शिविर आयोजन में साफ-सफाई, पानी इत्यादि की व्यवस्था संबंधित निकाय द्वारा की जाए। मूल्यांकन/परीक्षण शिविर हेतु एलिम्को जबलपुर की टीम एवं जिला चिकित्सालय दमोह से आने वाले डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था एवं शिविर व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना भी सुनिश्चित की जाये।

# सीतानगर परियोजना से अलग किए गए गांवों को पुनः जोड़ा जाये: सिद्धार्थ मलैया

## सिद्धार्थ मलैया ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर दमोह को लिखा पत्र

दमोह। सीतानगर परियोजना में मूलभूत परिवर्तन की जांच कर पुनः पूर्ववत करने के संबंध में सिद्धार्थ मलैया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कलेक्टर दमोह को पत्र लिख कर सीतानगर सिंचाई परियोजना में जो मूलभूत परिवर्तन कर दमोह तहसील के 33 ग्रामों को पृथक कर दिया गया है उन्हें पुनः परियोजना में सम्मिलित करने, एवं परिवर्तन की निष्पक्ष जांच की मांग की। सिद्धार्थ मलैया ने जानकारी देते हुए बताया कि दमोह जिले की सीतानगर परियोजना कुल लागत (518.09 करोड) है। जिसमें दमोह जिले की 16200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें दमोह तहसील के 11400 हेक्टेयर क्षेत्र जिसमें 62 ग्राम एवं पथरिया तहसील की 4800 हेक्टेयर क्षेत्र जिसमें 22 ग्राम सम्मिलित थे। परन्तु प्राप्त जानकारी अनुसार सीतानगर परियोजना में मूलभूत परिवर्तन कर दमोह तहसील के 33 ग्रामों को परियोजना से पृथक कर दिया गया हैं। मैंने कलेक्टर दमोह को पत्र के माध्यम से यह आग्रह किया है कि पूर्व की प्रशासकीय स्वीकृति के पश्चात परियोजना के मूल उद्देश्य को षड़यंत्र पूर्वक परिवर्तित कर दमोह तहसील की जनता के साथ अन्याय किया गया, इसकी निष्पक्ष जांच की जायें। एवं सीतानगर परियोजना में पूर्व में दमोह तहसील के जो 62 ग्राम सम्मिलित थे और वर्तमान में जो 33 ग्राम पृथक किये गये हैं। पूर्ववत दमोह तहसील के 33 ग्रामों को पुनः जोड़कर कुल 62 ग्रामों को परियोजना में सम्मिलित किया जायें।





# ग्राम पंचायत सिग्रामपुर में निःशुल्क आयुष मेगा शिविर का हुआ आयोजन

दमोह। आयुष पद्धति को बढ़ावा देने एवं प्रचार प्रसार हेतु मध्य प्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में आयुष विभाग निरंतर ग्रामीण स्तर पर निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में दमोह जिले के कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देश पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग दमोह के द्वारा जबेरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिग्रामपुर में निशुल्क आयुष मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि भाव सिंह एवं सरपंच श्रीमति गुड़िया/ अजय सोनकर तथा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धन्वंतरी पूजन कर शिविर आरंभ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने शिविर के उद्देश्य एवं विभागीय गतिविधि की जानकारी दी तथा भाव सिंह ने लोगों को आयुष पद्धति अपनाने का आग्रह किया। शिविर में ब्लड प्रेशर , शुगर ह्यश्चश्२ आदि की नि ्शुल्क जांच की गई। वात रोग, ह्रदय रोग, चर्म रोग, श्वास रोग नेत्र रोग, सर्दी, खांसी, बुखार आदि के मरीजों को नि ्शुल्क आयुष औषधि वितरित की गई।

# संभागायुक्त डॉ. रावत के हस्तक्षेप के बाद

## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की हड़ताल स्थगित

संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत की पहल के बाद बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की हड़ताल स्थगित कर दी गई है। संभागायुक्त डॉक्टर. वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की हड़ताल की जानकारी मिलने पर उनसे बात की गई। उनकी बात सुनने के तत्काल पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया एवं सोमवार तक उनकी समस्याओं को हल करने के लिए आश्वासन दिया गया। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर. उमेश पटेल ने बताया कि संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत के आश्वासन के बाद ह?ताल को स्थगित किया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सुबह 11:00 बजे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सर्वेश जैन ने ह?ताल को स्थगित करने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद सभी डॉक्टर काम पर लौट आए है। ह?ताल स्थगित होने के बाद मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की गतिविधियां अब प्रतिदिन की तरह सामान्य हो गई है।




# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जबेरा वितरण केन्द्र के कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

सिंग्रामपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर आज जबेरा वितरण केन्द्र के कर्मचारियों को दमोह में उपसंभाग तेंदूखेड़ा के अंतर्गत सम्मानित किया गया .कार्यक्रम में दमोह वृत के अधीक्षण यंत्री एम के चौधरी,कार्यपालन यंत्री दक्षिण संभाग ओ पी सोनी, कार्यपालन यंत्री एस टी सी प्रभात साहू ,सहायक अभियंता तेंदूखेड़ा एम के मंडलोई कनिष्ठ अभियंता एम एफ अंसारी ,प्रभात दुबे ,रोहित जैन एवं अन्य उच्च अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही अधीक्षण यंत्री एम के चौधरी ने माह मार्च 2023 में कंपनी के राजस्व संग्रहण को बड़ाने में एवं समय सीमा में अपने दायित्व को पूर्ण निष्ठा से पालन करने पर प्रशंसनीय योगदान के साथ साथ सराहनीय कार्य के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जिसमे कनिष्ठ अभियंता जबेरा एम एफ अंसारी, राघवेन्द्र झारिया,अमित जयसवाल,संदीप पटेल,द्वारका पटेल,चंदन सिंह लोधी, महेंद्र यादव,अच्छेलाल अहिरवार,आशिक खान, सचिन रैकवार, अरविन्द लोधी, सिकंदर खान एवं अन्य कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार कंपनी में सहयोग बनाए रखते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ सम्मानित किया गया!



# अग्निवीर अभ्यर्थियों की भर्ती लिखित परीक्षा 17 अप्रैल से

दमोह। अग्निवीर अभ्यर्थियों की भर्ती रैली 2023 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयन डिजिटल जोन, चितौरा रोड, मुरार, ग्वालियर एवं एसएसएचसी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च कॉलेज, मकरोनिया, सागर में होगी। एडसिल द्वारा परीक्षाएं 17 अप्रैल से 21 अप्रैल और 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 3 पालियों में प्रतिदिन आयोजित की जाएंगी। दैनिक शिफ्ट का समय 8:30-9:30, 11:30-12:30 और 14:30-15:30 होगा। अभ्यार्थी अपना ऑनलाइन परीक्षा प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ई-मेल पर प्राप्त होगा, जिसमें उनके परीक्षा स्थल, तिथि और शिफ्ट का पूरा विवरण होगा। अभ्यर्थी को परीक्षा पूर्व औपचारिकताएं सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने की सलाह दी जाती है एवं किसी अनुचित साधन का प्रयोग न करें और न ही दलालों के झूठे वादों के झांसे में आएं। भारतीय सेना में भर्ती एक स्वतंत्र और पारदर्शी प्रक्रिया है।

## तेल मिल श्रमिक भारतीय मजदूर संघ ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल



आज दिनांक 15/4/2023 को भारतीय मजदूर संघ जिला मुरैना के बैनर तले तेल मिल श्रमिक मजदूर संघ जिला मुरैना में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर श्रीमान क्लैक्टर महोदय के नाम ज्ञापन एसडीएम मुरैना को दिया गया ज्ञापन देने वालों में ब्रजराज डंडौतिया विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ, देवेन्द्र शर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, ज्योति कदम कार्यालय मंत्री भारतीय मजदूर संघ, आशाराम पाठक वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स संघ रामवीर सिंह जिला अध्यक्ष तेल मिल मजदूर संघ,गब्बर सिंह महामंत्री तेल मिल मजदूर संघ ने लगभग 250 मजदूरों के साथ अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर मयंक अग्रवाल आज आकस्मिक रूप से जिला चिकित्सालय पहुंचे और चिकित्सालय का भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर जिला चिकित्सालय के हीमोडायलिसिस रूम पहुंचे सिविल सर्जन डॉ नामदेव ने बताया यहां 6 मशीनें है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एनआरसी, पोषण पुर्नवास केन्द्र, बाल चिकित्सा गहन ईकाई, मातृ एवं शिशु रोग, (इन बोर्न यूनिट एवं आऊट बोर्न यूनिट) पीआईसीयू, स्पेशनल केयर न्यू बोर्न यूनिट, आईसीयू वार्ड, जिला चिकित्सालय परिसर में लगे आक्सीजन प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित टीबी वार्ड को देखा और साफ-सफाई के साथ चिकित्सा व्यवस्थाओं सराहने के साथ व्यवस्थाएं और अच्छी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने चिकित्सालय में ऑपरेशन थियेटर के साथ सीटी स्केन, लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर को भी देखा । यहां बताया गया 20 डिलेवरी नार्मल और 8-10 सिजेरियन डिलेवरी औसतन हो रही है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया आज जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं को देखा है, बहुत सी व्यवस्थाएं अच्छी पाई गई है। पानी और सफाई के लिये भी ये लोग लगे हुये है,









सुधार? किये जा रहे है जिससे व्यवस्था और सुधर जायेगी। एनआईसी की यूनिट है और जो नया बन रहा है यह सभी पूरा हो रहा है और कई जगहो पर सफाई व्यवस्था और बेहतर हो सकती है और कुछ छोटी दिक्कते है जैसे कि एसटीपी प्लांट से पानी गार्डन तक नहीं आ रहा है जिसको ठीक करवाना तुरंत आवश्यक है, कुछ लाईट की दिक्कते है जिनको हफ्ते या दस दिन में प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा, जिससे सारी सुविधाएं हो सकें। पीने के पानी की व्यवस्था को दिखा लिया जायेगा। उन्होंने कहा एक ऐनेस्थीसिया डॉक्टर शायद छुट्टी पर है, बाहर से हायर करने के लिये परीक्षण करवाया जायेगा, जैसी भी संभावना होगी जरूर करवा लिया जायेगा।

उन्होंने कहा जिला अस्पताल में गेट पास की नई व्यवस्था दस से पंद्रह दिन पहले चालू की गई है, जो कि सहूलियत के लिये ही है, जैसे-जैसे अस्पताल में भी? ब?ती है मरीज जिसका वास्तव में इलाज हो रहा है, उन्हें परेशानी और असुविधाएं होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुये पास सिस्टम है। यह व्यवस्था मरीजो और उनके साथियों को लिये ही की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा इस व्यवस्था का पालन किया जाये।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478